
आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



# अयोग्य हुई 'दंगल गर्ल' फोगाट

**50KG से महज 100 ग्राम अधिक वजन**

**भारत ने जताया कड़ा विरोध**

**विनेश फोगाट अस्पताल में भर्ती**

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक-2024 से देशवासियों के लिए एक बड़ी ही निराशाजनक खबर आई है। इस खबर ने करोड़ों देशवासियों का दिल तोड़ दिया है।

पेरिस ओलंपिक-2024 में महिला कुश्ती 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले पहलवान विनेश फोगाट को तगड़ा झटका लगा है। उन्हें अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है। मंगलवार को उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हराया था। वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान बनीं थीं। बताया जा रहा है कि विनेश फोगाट की तबियत खराब हो गई है और उनके शरीर में पानी की कमी है। पेरिस ओलंपिक-2024 से आई इस खबर के बाद देश भर में तीखी प्रक्रिया सामने आ रही है। इस मुददे पर लोकसभा में भी हंगामा हुआ है।

## विनेश अयोग्य घोषित

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विनेश फोगाट को वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। संघ ने कहा कि भारतीय दल को इस बात का दुख है कि महिला कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम (100 ग्राम) अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा।

## विनेश, आप चैम्पियनों में चैम्पियन हैं : प्रधानमंत्री



विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित करने के फैसले पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ट्वीट किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- विनेश, आप चैम्पियनों में चैम्पियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं. आज की असफलता दुख देती है. काश मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब आपके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## अब कोई मैडल न आवेगा : महावीर



विनेश के डिस्क्वालिफाई होने पर उनके चाचा महावीर फोगाट की आंखों में आंसू नजर आए। उन्होंने कहा कि अब कोई मेडल न आवेगा। उन्होंने कहा कि मेरी फेडरेशन से कोई मांग नहीं है। वे जो चाहेंगे, वो करेंगे। इस समय पूरा देश दुख में है।

## फोगाट के खिलाफ फेडरेशन और सरकार की साजिश

पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट को लेकर लिए गए फैसले पर विनेश फोगाट के परिवार ने कड़ी आपत्ति जताई है। फोगाट के परिवार ने इसे केंद्र सरकार और फेडरेशन की मिलीभगत बताते हुए गहरी साजिश बताई है। विनेश फोगाट के ससुर राजपाल भाटी ने एक न्यूज़ चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि दिनेश फोगाट ओलंपिक में जाने से पहले कह रही थी कि उसके खिलाफ षड्यंत्र होगा। अब यह साबित हो गया है कि विनेश फोगाट के साथ खिलाफ फाइनल मुकाबले से पहले लिए गए फैसले नहीं है। साबित कर दिया है कि इस साजिश में सरकार और फेडरेशन शामिल है। विनेश फोगाट के ससुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि विनेश फोगाट का अगर वजन बढ़ा तो उसके पीछे कोच और सपोर्टिंग स्टाफ का हाथ है। सपोर्टिंग स्टाफ ने विनेश फोगाट को गुमराह किया है जिसकी वजह से उसके खिलाफ यह बड़ा फैसला लिया गया है। विनेश फोगाट के ससुर राजपाल राठी ने कहा कि दिनेश ने भाजपा नेता बृजभूषण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई थी। उसी का बदला विनेश फोगाट से लिया गया है।

## अमेरिकी पहलवान से होना था मुकाबला

फाइनल में विनेश का अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांड से मुकाबला होना था। अमेरिका की इस पहलवान ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वे विश्व चैंपियनशिप में दो रजत और दो कांस्य मेडल भी जीत चुकी हैं। यह मुकाबला देर रात 12:30 बजे (आठ अगस्त) खेला जाना था।

## मां को किया था स्वर्ण जीतने का वादा

फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के बाद विनेश ने अपनी मां से वीडियो कॉल के जरिए बात की थी। विनेश अपनी मां और परिवारवालों से बात करते हुए स्वर्ण पदक जीतने का वादा किया था। हालांकि, अब वह इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं।

# पड़ोसी मुल्क में तोड़े जा रहे हिन्दुओं के मंदिर : मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में मची उथलपुथल और वहां के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर कहा कि बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि आज पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। मठ और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इतिहास से सीख लेनी होगी और सनातन की रक्षा के लिए एक होना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिगंबर अखाड़े में राम मंदिर आंदोलन के महानायक रामचंद्र दास परमहंस की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित था। उन्होंने अपने जीवन को राम मंदिर के लिए मिशन बनाया। परमहंस की मूर्ति को देख ऐसा लगा कि अभी कुछ बोलने वाले हैं। मुझे मूर्ति स्थापना का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ और दिगंबर अखाड़ा एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। तत्कालीन महंत दिग्विजय नाथ के सानिध्य में आंदोलन में अग्रणी रहे। आज अयोध्यावासियों को पूरे देश में सम्मान मिल रहा , सम्मान मिलता नहीं सम्मान सुरक्षित करना होगा।

सीएम ने कहा कि संतों की पहचान यही है। परमहंस जी सोच रहे होंगे कि मेरा संकल्प पूरा हुआ, उनका आशीर्वाद पीएम नरेंद्र मोदी को भी प्राप्त हुआ। राम मंदिर आंदोलन के यज्ञ की पूर्णाहुति में उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। आत्मा अजर अमर है। उसको कोई मार नहीं सकता है। परमहंस जी वापस दिगंबर अखाड़ा में विराजमान हो गए हैं। परमहंस महराज जी मेरे गुरु के गुरु थे। मेरे गुरु हमेशा यह जानना चाहते थे कि परमहंस जी कैसे थे। उनकी सरलता के कारण कोई नहीं जान सकता था कि वो कितने बड़े नेतृत्वकर्ता हैं, कितने बड़े गुरु हैं, कितने चमत्कारी हैं। मूल्य और आदर्श के लिए (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ग्रेटर नोएडा में गृह मंत्रालय के पूर्व अधिकारी की हत्या



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक गृह मंत्रालय से रिटायर्ड है तथा ग्रेटर नोएडा में रह रहे थे।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह थाना बिसरख पुलिस को सूचना मिली कि अज्ञात बदमाशों ने स्टेला सोसाइटी के पास एक (70 वर्षीय) बुजुर्ग व्यक्ति हरि प्रकाश के ऊपर ताबड़तोड़ गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना (शेष पृष्ठ-4 पर)

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में महिला को अकेली देखकर दो युवकों ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने पड़ोस में रहने वाले दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति की गैर मौजूदगी में दोनों युवक उसके घर में घुस आए और उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने करीब ढाई माह बाद इस मामले को दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने पुलिस को बताया कि उसका पति हलवाई का काम करता है। 25 मई को उसका पति हलवाई का काम करने के लिए पड़ोस के ही एक गांव में गया था और वह घर पर अकेली थी। रात्रि करीब 8 बजे (शेष पृष्ठ-3 पर)



## ई-रिक्शा चालक के पेट में मारा चाकू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** झुंडपुरा गांव के मंदिर के पास दो ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। वाद-विवाद के बाद एक ई-रिक्शा चालक ने दूसरे के पेट में चाकू मार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।



सेक्टर -8 बांस बल्ली निवासी अखिलेश कुमार पांडे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। 6 अगस्त की शाम को वह अपने ई रिक्शा से झुंडपुरा स्थित मंदिर के पास से गुजर रहा था। इस दौरान उसका ई-रिक्शा एक अन्य ई-रिक्शा से हल्का सा टच हो गया। इस बात को लेकर ई रिक्शा चालक वाद-विवाद करने लगा।

वाद विवाद के दौरान ई-रिक्शा चालक शिवकुमार ने धारदार हथियार निकाल कर उसके पेट में घोंप दिया। वह लहू लुहान होकर सड़क पर गिर गया। उसे खून से लथपथ देखकर शिवकुमार मौके से फरार हो गया। आस पड़ोस के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी ई-रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के मिंडा कंपनी के पास तेज रफ्तार में आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम भनोता निवासी सत्येंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा सचिन अपने दोस्त शिवम के साथ बाइक से जा रहा था। मिंडा कंपनी के पास तेज रफ्तार में आ रही कार के चालक ने सचिन की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल सचिन व शिवम को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ले जाते समय सचिन ने रास्ते में दम तोड़ दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

### कूड़ा डालने को लेकर हुई मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** घर के बाहर कूड़ा डालने के लिए पड़ोसियों को मना करना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। कूड़े के विवाद में तीन दबंग युवकों ने पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। जेवर खादर निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि उसका पड़ोसी चंद्रवीर उसके भाई दीनदयाल व भूदेव आदि उसके घर के बाहर आए दिन कूड़ा डाल देते हैं। पूर्व में भी उसने कई बार इन लोगों से कूड़ा डालने के लिए मना किया। इसके बावजूद भी यह लोग बाज नहीं आए। 6 अगस्त की सुबह इन लोगों ने एक बार फिर उसके घर के बाहर कूड़ा डाल दिया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो पड़ोसी चंद्रवीर उसके भाई दीनदयाल व भूदेव उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट होती देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसके बाद तीनों भाई जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### बच्चों के झगड़े में भिड़े परिजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पार्क में खेलने के दौरान बच्चों के बीच हुई कहासुनी में परिजन आपस में भिड़ गए। बच्चों के झगड़े में दंपति ने मिलकर पड़ोसी की पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-122 स्थित श्रमिक कुंज निवासी शंकर महतो ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके बच्चे पार्क में खेल रहे थे। इस दौरान उसके बच्चे तथा पड़ोसी प्रभास यादव के बच्चों के बीच खेलने को लेकर झगड़ा हो गया। कुछ देर बाद प्रभास यादव व उसकी पत्नी पिंकी उसके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### पड़ोसी को घर में घुसकर पीटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के रायपुर गांव में चार युवकों ने पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। रायपुर खादर गांव में रहने वाले हेमंत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 5 अगस्त की रात्रि को अपने घर के बाहर गली में खड़ा हुआ था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले अंकुर, अविनाश, अंकुश व अंकुल ने उसके साथ गाली-गलौज की। इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आए उसके माता-पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने डंडे से वार किया जिससे उसका सर फट गया। हमलावरों के तेवर देखकर उसने भाग कर अपनी जान बचाई। शोर-शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## बुग्गी चालक को लोहे के पंच से पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** साइड न मिलने पर कार सवार युवक ने बुग्गी चालक की पिटाई कर दी। आरोपी ने लोहे के पंच व ईंट से वार कर बुग्गी चालक को घायल कर दिया। ग्राम थोरा निवासी उम्मेद सिंह छोकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 2 अगस्त की सुबह पशुओं के चारा लेने के लिए खेत की तरफ जा रहा था। पीछे से गांव का ही संगीत अपनी कार लेकर आ रहा था। कार आगे निकलने के लिए वह लगातार हॉर्न दे रहा था। गली संकरी होने के कारण वह साइड नहीं दे पाया। कुछ आगे जाकर उसने अपनी बुग्गी को किनारे कर उसे साइड दे दी। संगीत ने उसकी बुग्गी के आगे कार रोककर गाली (शेष पृष्ठ-3 पर)

# फ्लैट व गाड़ी न मिलने पर ससुरालियों ने बहु का करवाया गर्भपात

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में एक महिला ने अपने ससुरालवालों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराल वाले उस पर मायके वालों से फ्लैट खरीदवाने और गाड़ी लाने का दवाब बना रहे हैं। मांग पूरी ना होने पर उसके पति, सास व ननद ने जबरन दो बार उसका गर्भपात भी करा दिया।

कस्बा जहांगीरपुर निवासी रजिया (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 7 अक्टूबर 2020 को उसका निकाह मोहम्मद फैजान निवासी तुलसी नगर इंद्रलोक दिल्ली के साथ हुआ था। शादी के समय उसके परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बावजूद भी उसका पति फैजान, बिचौलिया, फातिमा, फिरदौस, इरफान, मुस्ताक, गफ्फार आदि इस संतुष्ट नहीं थे।

शादी के कुछ समय बाद ही उस पर मायके से एक फ्लैट और गाड़ी लेने का दवाब बनाया जाने लगा। इस दौरान उसके पति वसीम के मौसेरे भाई फैजान ने कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें की। निकाह के कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके पति फैजान के किसी अन्य लड़की के साथ भी अवैध संबंध हैं। इस बात को लेकर उसकी अक्सर अपने पति से कहासुनी होती थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके पति व ससुराल वालों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से उत्पीड़ित करना शुरू कर दिया। 11 जुलाई को उसकी सास उसे उसके मायके छोड़कर चली गई और कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक वह उसे ससुराल में नहीं रखेंगे। 26 जुलाई को उसके परिजनों ने उसे ससुराल भेज दिया।



ससुराल पहुंचने पर सभी लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसके पति के रिश्तेदार नासिर, वसीम तथा फैसल ने उसे कमरे में अकेला देखकर अश्लील हरकत कर बदतमीजी की। उसने जब इसकी शिकायत अपने पति फैजान से की तो उसने मारपीट की और चाकू से वारकर उसे घायल कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसके पति, सास व ननद ने उसका जबरन दो बार गर्भपात भी करा दिया था। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों को दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद बिल का भुगतान करने के बजाय दबंग युवक ने कर्मचारियों को देख लेने की धमकी दी। दबंग युवक की दबंगई यहीं पर नहीं रुकी। अगले दिन वह अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट पर पहुंचा और स्टाफ को जमकर धमकाया। रेस्टोरेंट संचालक ने थाना नॉलेज पार्क में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर ओमिक्रोन-3 ग्रेटर नोएडा निवासी रूपेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने भाई पवन कुमार के साथ मिलकर ग्रेटर नोएडा में कन्हैया कैफे एंड रेस्टोरेंट चलाता है। 28 जुलाई की रात्रि को उसके कैफे पर अनमोल नामक युवक खाना खाने आया। खाना खाने के बाद कर्मचारियों ने जब उस से बिल भुगतान करने के लिए कहा तो वह स्टाफ को धमकाने लगा। आरोपी ने कहा कि किसी की भी उससे पैसा लेने की हिम्मत नहीं है। अनमोल गाली-गलौज कर स्टाफ को देख लेने की धमकी देकर चला गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## जलता बांग्लादेश

भले ही प्रथम दृष्टया, बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन की वजह आरक्षण विरोधी आंदोलन से उपजा आक्रोश बताया जा रहा हो, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह बनना बड़ा कारण रहा। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश को हल्के में लिया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हालांकि, पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। दरअसल, महज सात माह पहले हुए आम चुनावों के बाद से ही देश में जनाक्रोश धीरे-धीरे बढ़ने लगा था। दक्षिणपंथी रुझान वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और अन्य राजनीतिक दलों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया था। हालांकि, शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आईं, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। वास्तव में शेख हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आंकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। हालांकि, लगातार चौथी बार सरकार बनाने वाली शेख हसीना के खिलाफ उपजे आक्रोश के मूल में तात्कालिक कारण अतार्किक आरक्षण ही रहा, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल व उनके आनुषंगिक संगठन सरकार को उखाड़ने के लिये बाकायदा मुहिम चलाये हुए थे। दरअसल, वर्ष 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के दमनकारी शासन से आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी के रिश्तेदारों के लिये उच्च सरकारी पदों वाली नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध छात्रों ने किया। उनका तर्क था कि उनकी कई पीढ़ियां आरक्षण का लाभ उठा चुकी हैं, फलत: बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। लेकिन इस आंदोलन को हसीना सरकार ढंग से संभाल नहीं पायी। आंदोलनकारियों से निबटने के लिये की गई सख्ती से आंदोलन लगातार उग्र होता गया। जिसका विपक्षी राजनीतिक दलों ने भरपूर लाभ उठाया। हालांकि,सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया था, लेकिन सरकार इस संदेश को जनता में सही ढंग से नहीं पहुंचा सकी। फिर छात्र नेताओं की गिरफ्तारी ने आंदोलन को उग्र बना दिया। बड़ी संख्या में आंदोलनकारी सड़कों पर उतरे। उन्होंने हसीना सरकार के खिलाफ मजबूत मोर्चा खोल दिया। जनाक्रोश के चरम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आक्रामक भीड़ ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तक को तोड़ दिया। निस्संदेह, सत्ता से चिपके रहने के लिये किए जाने वाले निरंकुश शासन की परिणति जनाक्रोश के चरम के रूप में सामने आती है। यह घटनाक्रम श्रीलंका में 2022 के विरोध प्रदर्शन की याद ताजा कर गया, जिसमें वहां राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से उतरकर विदेश भागने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, फिलहाल बांग्लादेश में सेना ने कमान अपने हाथ में ली है लेकिन आने वाली सरकार को उच्च बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना होगा। हालांकि, भारत के हसीना सरकार से मधुर संबंध थे, लेकिन हालिया उथल-पुथल को देखते हुए हमें अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। पाकिस्तान परस्त बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आसन्न वापसी से भारतीय उपमहाद्वीप में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति सावधान रहने की जरूरत होगी।

# बांग्लादेश में फिर उभरेंगे कट्टरपंथी, शेख हसीना का तख्तापलट

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में जान-माल और लोकतंत्र को भारी नुकसान के बाद आखिरकार शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो ही गया। देश की कमान अब सेना के पास है और उसने अंतरिम सरकार का गठन करवाने की बात कही है। शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए बांग्लादेश में जिस तरह का अभियान चलाया गया उसने दूसरे इस्लामिक देशों के सत्ताधारियों की नींद उड़ा दी है। शेख हसीना का सत्ता से बाहर होना कट्टरपंथियों की बहुत बड़ी जीत है। यह जीत दर्शाती है कि दुनिया भर में हावी होते इस्लामिक कट्टरपंथी अब भारत के बगल में भी प्रभावी हो रहे हैं। दुनिया में कई इस्लामिक देश उदारवादी माने जाते हैं अब उन्हें यह खतरा सता रहा है कि यदि कट्टरपंथी उनके यहां भी हावी हुए तो वर्तमान सत्ताधारियों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर उन्हें शासन से बाहर किया जा सकता है।

जहां तक शेख हसीना की बात है तो उनके शासनकाल में पहली बार देश में हालात इस कदर बेकाबू हुए कि उन्हें इस्तीफा देकर अपना देश छोड़कर ही भागना पड़ा। शेख हसीना के खिलाफ इस समय नाराजगी भले चरम पर पहुँच चुकी थी लेकिन जब वह 2009 का आम चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री बनी थीं तब उनकी लोकप्रियता देखने लायक थी। 2009 के बांग्लादेश चुनाव के नतीजों से सबसे बड़ा झटका शेख हसीना की मुख्य प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया को नहीं बल्कि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी को लगा था। जमात-ए-इस्लामी वही संगठन है जिसने 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान का पक्ष लिया था। खालिदा जिया की सरकार के दौरान आतंकवादी संगठन बांग्लादेश में खूब फले-फूले थे और कट्टरपंथियों का वहां बोलबाला हुआ करता था। जमात-ए-इस्लामी के भी उस समय 20 सांसद हुआ करते थे। यही नहीं, खालिदा जिया के जमाने में आतंकी तत्व बांग्लादेश की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाने में किया करते थे। उस समय उल्फा तथा कई अन्य उग्रवादी संगठनों के ठिकाने बांग्लादेश में हुआ करते थे। इस संबंध में जब भी भारत सरकार ने तत्कालीन बांग्लादेश सरकार को कार्रवाई के लिए कहा तब-तब खालिदा जिया की सरकार कह देती थी कि भारत की ओर से दी जा रही सूचनाएं गलत हैं।

खालिदा जिया ने सत्ता से हटने के बाद काफी प्रयास किया कि वह दोबारा सरकार में लौट सकें लेकिन जनता ने उन्हें हमेशा खारिज किया। खालिदा जिया धीरे-धीरे मुख्यधारा की राजनीति से दूर हो गयीं जिससे ऐसे उत्पाती और आतंकी तत्वों के लिए अस्तित्व बचाने का सवाल खड़ा हो गया जोकि खालिदा जिया के शासन की छत्रछाया में पनपते थे। इन तत्वों ने सरकार के विरोध में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया और छात्रों



को आगे कर वह अपना उद्देश्य हासिल करने में सफल रहे। बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है वह वहां के लिए तो घातक है ही साथ ही भारत के लिए भी यह मुश्किल बढ़ने वाली बात है। भारत ने हालांकि बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी है लेकिन अब देश को चीन और पाकिस्तान की सीमा के अलावा बांग्लादेश सीमा पर भी काफी सावधानी बरतनी होगी। ढाका में दिल्ली समर्थक सरकार का नहीं रहना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है।

हम आपको बता दें कि 2009 में शेख हसीना सरकार के आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में प्रगाढ़ता आई थी। इससे पहले जब शेख हसीना 1996 से 2001 के बीच सत्ता में थीं तब भी भारत और बांग्लादेश के संबंध बेहतर रहे थे। शेख हसीना ने बांग्लादेश की कमान संभालने के बाद कट्टरपंथियों पर लगाम लगाई थी और भारत विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे संगठनों पर भी अंकुश लगाया था। यही नहीं, शेख हसीना बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को भी अक्सर सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाती रहती थीं और उनके धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होती थीं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद हिंदुओं पर हमले बढ़ने और हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुँचाये जाने की आशंकाएं बलवती हो रही हैं। पहले भी वहां हिंदुओं पर वीभत्स हमले होते रहे हैं ऐसे में अब उनके लिए खतरा और बढ़ गया है।

वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि शेख हसीना ने बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को भी संकटों से उबारा था लेकिन यह भी तथ्य है कि हाल के वर्षों में खासकर महामारी के बाद से देश की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी। बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के चलते शेख हसीना के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही थी। देखा जाये तो बांग्लादेश में मौजूदा अशांति का कारण सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियों की संख्या नहीं बढ़ना भी है। उस पर से बांग्लादेश सरकार के हालिया आरक्षण संबंधी फैसले से छात्रों में नाराजगी बढ़ गयी थी। इसके अलावा, बांग्लादेश के कपड़ा कारखाने पूरी दुनिया में मशहूर हैं लेकिन अब यह क्षेत्र सिकुड़ रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है। साथ ही बांग्लादेश में महंगाई के 10 प्रतिशत के आसपास बने रहने, बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा भंडार के सिकुड़ते जाने और देश पर विदेशी कर्ज बढ़ते जाने जैसे कई अन्य कारक भी रहे जोकि शेख हसीना सरकार के खिलाफ आम जनता की नाराजगी बढ़ा रहे थे।

उस पर से जब शेख हसीना ने यह कह दिया कि आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोग छात्र नहीं बल्कि इस्लामिक पार्टी, जमात-ए-इस्लामी और मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के लोग थे तो छात्रों का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद शेख हसीना ने और कड़ा रुख अपनाते हुए कह दिया कि जो लोग हिंसा कर रहे हैं वे छात्र नहीं बल्कि आतंकवादी हैं जो देश को अस्थिर करना चाहते हैं इसलिए सरकार उनके साथ सख्ती से निबटेगी। उनके इस बयान के बाद तो आंदोलनरत छात्रों ने आर पार की लड़ाई का मन बना लिया और आखिरकार वह अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल रहे।

बांग्लादेश से जो दृश्य सामने आ रहे हैं वह दर्शा रहे हैं कि प्रदर्शनकारियों का मकसद सिर्फ सत्ता बदलना नहीं था। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास और अन्य महत्वपूर्ण इमारतों में घुसकर प्रदर्शनकारियों ने जो हरकतें की हैं वह दर्शा रही हैं कि अब देश अराजकतावादियों के हाथ में चला गया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के आवास में जिस तरह मस्ती करते या संपत्ति को नुकसान पहुँचाते युवकों का वीडियो सामने आया है उसने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में घुसे प्रदर्शनकारियों और अफगानिस्तान में तख्तापलट के दौरान सरकारी इमारतों में घुसते तालिबानियों की याद दिला दी है। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों को समझना होगा कि मूर्तियों को तोड़ने, सरकारी इमारतों को नुकसान पहुँचाने और किसी देश के विरोध में अभियान चलाने से देश की अर्थव्यवस्था सुधर नहीं जायेगी।

बांग्लादेश में लोकतंत्र के नहीं रहने का सबसे बड़ा खामियाजा यह होगा कि विदेश कर्ज हासिल करने के जो प्रयास किये जा रहे थे, या बांग्लादेश में जो निवेश आने वाला था, अब वह बाधित हो जायेगा। बांग्लादेश में लोकतंत्र के नहीं रहने का खामियाजा यह होगा कि विदेशी सरकारें उसकी मदद करने से कतराएंगी। दुनिया का कोई भी लोकतांत्रिक देश दूसरे देश की सरकार से ही बातचीत करने या कोई करार करने को वरीयता देता है। सैन्य नियंत्रण वाले देशों से लोकतांत्रिक देश अक्सर दूरी बनाये रखते हैं।

बहरहाल, बांग्लादेश की सेना और राष्ट्रपति को चाहिए कि जल्द से जल्द अंतरिम सरकार का गठन किया जाये और संभव हो तो नये चुनाव कराये जाएं। यह सर्वविदित है कि हिंसा किसी मसले का हल नहीं है, लूटपाट और उत्पात से देश को नुकसान ही होगा और पिछले वर्षों में आगे बढ़ने के लिए जो मेहनत की गयी थी उस पर भी पानी फिर जायेगा। इसलिए समय की आवश्यकता है कि बांग्लादेश एकजुट होकर इस मुश्किल घड़ी से बाहर निकले।

**-नीरज कुमार दुबे**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तुलसीदासजी कहते हैं कि रामकथा मंदाकिनी नदी है, सुंदर ( निर्मल ) चित्त चित्रकूट है और सुंदर स्नेह ही वन है, जिसमें श्री सीतारामजी विहार करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**रामचरित चिंतामति चारू। संत सुमति तिय सुभग सिंगारू॥**
**जग मंगल गुनग्राम राम के। दानि मुकुति धन धरम धाम के॥**

श्री रामचन्द्रजी का चरित्र सुंदर चिन्तामणि है और संतों की सुबुद्धि रूपी स्त्री का सुंदर श्रंगार है। श्री रामचन्द्रजी के गुण-समूह जगत का कल्याण करने वाले और मुक्ति, धन, धर्म और परमधाम के देने वाले हैं॥

**सदगुर ग्यान बिराग जोग के। बिबुध बैद भव भीम रोग के॥**
**जननि जनक सिय राम प्रेम के। बीज सकल ब्रत धरम नेम के॥**

ज्ञान, वैराग्य और योग के लिए सद्गुरु हैं और संसार रूपी भयंकर रोग का नाश करने के लिए देवताओं के वैद्य (अश्विनीकुमार) के समान हैं। ये श्री सीतारामजी के प्रेम के उत्पन्न करने के लिए माता-पिता हैं और सम्पूर्ण व्रत, धर्म और नियमों के बीज हैं॥

**समन पाप संताप सोक के। प्रिय पालक परलोक लोक के॥**
**सचिव सुभट भूपति बिचार के। कुंभज लोभ उदधि अपार के॥**

पाप, संताप और शोक का नाश करने वाले तथा इस लोक और परलोक के प्रिय पालन करने वाले हैं। विचार (ज्ञान) रूपी राजा के शूरवीर मंत्री और लोभ रूपी अपार समुद्र के सोखने के लिए अगस्त्य मुनि हैं॥

(क्रमश:..)

# बारिश हो रिमझिम-रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर

श्रावण का महीना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो-तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावण की झड़ी को तो देखना दूर की बात जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन-तीन, चार-चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढ़ने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी-मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है, एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है।

दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं।



एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोर वेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए। पिछले तीन-चार दशक से शहरों में वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम सरकार स्तर पर बनाने के साथ ही कोलोनाइजर्स को बनाने को कहा जाता रहा और आज भी कहा जा रहा है पर उसकी पोल इसी से पूरी हो जाती है कि कहने को तो वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम बना दिये, पैसे भी पूरे लग गए पर उनका स्ट्रक्चर जाने-अनजाने ऐसे बन गए कि यह तो वे ऊंचे बन गए, उन तक पानी पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम रह गई या फिर ऐसी जगह बना दिये गये जहां उनकी उपयोगिता ही नहीं रही। आखिर यह सब कुछ सुनियोजित विकास के नाम पर अनियमित विकास हो कर रह गया। आज बैंगलोर में लोग पानी के लिए तरश रहे हैं। कमोबेस यही हालात देश के अधिकांश हिस्सों में हो रहे हैं या होने की तैयारी में हैं। हालात साफ है धरती को पानी संजोने के लिए मिल ही नहीं रहा। कारण साफ है विकास और सुविधाओं के विस्तार के नाम पर उसके पड़ने वाले साइड इफेक्ट के बारे में तो समय पर सोचा ही नहीं गया। आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यों में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो। हो क्या रहा है मोटा पैसा खर्च करके एसटीपी बनाये जा रहे हैं। पानी रिसाईकिल का ट्रिटमेंट कर दूसरे कामों में उपयोग करने की भी योजनाएं बनती है। पर कहीं ना कहीं शहरों में थोड़ी थोड़ी दूरी पर पानी संग्रहण के स्रोत विकसित करने ही होंगे ताकि भूजल का स्तर बढ़ सके। इसके साथ ही भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकना ही होगा और ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिससे पेयजल के अतिरिक्त अन्य कार्यों में पानी का सीमित उपयोग करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## राशिफल

श्रावण कृष्ण पक्ष : तृतीया | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यक्तिगत मामलों में रुचि बढ़ेगी. पारिवारिक विषयों में भावुक न हों. कामकाजी प्रयास बनेंगे. रिश्तों पर जोर रखेंगे.

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आर्थिक वाणिज्यिक मामलों को गति देंगे. रिश्तों में मजबूती आएगी. कम दूरी की यात्रा संभव है. करियर कारोबार में सक्रिय रहेंगे.

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घर में उत्सव का वातावरण बना रहेगा. घर के लोगों में आपसी विश्वास बढ़ेगा. बचत बढ़ेगी. बैंकिंग कार्यों में रुचि रहेगी.

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
संरक्षण पर ध्यान देंगे. वाणी व्यवहार प्रभावशाली रहेगा. रक्त संबंधों को मजबूती मिलेगी.

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
सकारात्मकता बढ़त पर बनी रहेगी. रचनात्मक कार्य उत्साह से करेंगे. करीबियों का भरोसा जीतेंगे. शुभ प्रस्तावों को प्राप्त करेंगे।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कामकाज में नीति नियम बनाए रखेंगे. आर्थिक लेनदेन में स्पष्ट रहेंगे. आवश्यक सूचना मिल सकती है. दूर देश के मामलों में सक्रियता रहेगी.

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कामकाज में उम्दा स्थिति बनाए रखेंगे. लाभ और प्रभाव बढ़ाने में सफलता पाएंगे. इच्छित कार्य पूरे करेंगे. आकर्षक प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
प्रबंधन के मामले संवार पाएंगे। कार्यगति तेज बनाए रखेंगे। सहकर्मियों का सहयोग और विश्वास पाएंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भाग्य बल से सभी को साधने में सफल रहेंगे. पेशेवर परिस्थितियों का लाभ उठाने का प्रयास रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वास्थ्य के प्रति ढिलाई व लापरवाही न दिखाएं. सजगता सावधानी बनाए रहें. परिजनों की सीख सलाह पर ध्यान देंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्थायित्व को बल मिलेगा. कामजाजी लक्ष्यों पर फोकस बढ़ाएंगे. उद्योग व्यापार में रुचि रहेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
सेवाक्षेत्र में प्रभावी रहेंगे. तार्किकता से कार्य करेंगे. समकक्षों का समर्थन बना रहेगा. चर्चाओं में सफल होंगे।

# जेबीयू में कला महोत्सव सुरताल का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में मासिक कला महोत्सव सुरताल का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंजना वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से किया गया। संस्था की सचिव कथक नृत्यांगना ने कहा यह मासिक आयोजन रहेगा, ताकि युवा कलाकार अपने आप को आत्मविश्वास के साथ स्थापित कर सकें। इसका उद्देश्य कला जगत के आने वाले युवा कलाकारों को मंच और सम्मान देना है, ताकि यह मंच उन्हें भविष्य के लिए उत्साहवर्धन भी करें। यह महोत्सव संस्कृति मंत्रालय कला संस्कृति विकास योजना पर आधारित गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत कराया गया।

इसमें कथक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ ने नाट्य शास्त्र के बारे में व्याखान दिया और बताया कि नाट्यशास्त्र कला ही नही जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आर.के. सिन्हा, शिक्षक और छात्र भी उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष मनीष कुलश्रेष्ठ ने बताया गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अंजना वेलफेयर सोसाइटी के साथ मिलकर भारतीय कला का संकाय भी स्थापित किया है। जिसने कथक, तबला, ड्रम इत्यादि के डिप्लोमा कोर्सेज संचालित किए जाएंगे और यह दिव्यांगजनों के लिए स्कॉलरशिप के माध्यम से निशुल्क रहेंगे। इस अवसर पर कथक की प्रस्तुति अंशिका जैन और अनन्या अरोड़ा ने दी, जिसमें पारंपरिक कथक की प्रस्तुति दी। वंदना तोड़ा, तत्कार और अंत में ठुमरी की प्रस्तुति दी।

# डीएनडी लूप रोड का किया जाएगा चौड़ीकरण





**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएनडी पुल के पास आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए डीएनडी लूप रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा। नोएडा से दिल्ली के बीच लिंक रोड व डीएनडी लूप रोड पर क्षमता से करीब साढ़े छह गुना अधिक वाहनों का दबाव है। इसके कारण आए दिन इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा चिल्ला से सेक्टर-18 फ्लाईओवर तक लिंक रोड के भी चौड़ीकरण का प्रस्ताव नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने प्राधिकरण को भेजा है। इससे करीब पांच लाख से अधिक वाहन चालकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

डीएनडी लूप रोड और महामाया फ्लाईओवर से चिल्ला बॉर्डर के बीच वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए करीब 70 हजार वाहनों की क्षमता वाली सड़क बनाई गई है। समय के साथ इन सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता गया। मौजूदा समय में रोज करीब पांच लाख से अधिक वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। वाहनों की क्षमता इससे अधिक होने या किसी वाहन के खराब होने की हालत में स्थिति और खराब हो जाती है। डीसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद का कहना है कि वाहनों के अधिक दबाव को कम करने के लिए शहर के व्यस्ततम सड़कों का सर्वे कराया गया। इसमें डीएनडी लूप से नोएडा दिल्ली लिंक रोड पर सर्वाधिक दबाव है। कई स्थानों पर बॉटलनेक की स्थिति बन रही है। इसे दूर करने के लिए नोएडा प्राधिकरण डीएनडी लूप रोड को और चौड़ा कराएगा। ताकि ट्रैफिक का संचालन सुगम तरीके से कराया जा सके। फिलहाल डीएनडी के छह लेन का ट्रैफिक लूप रोड पर दो व एक लेन में बदल जाता है। जिससे जाम की समस्या बन जाती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इन प्वाइंट पर अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों के अलावा मार्शल व क्रेन को भी तैनात किया गया है।

# अवैध बिल्डिंग को वैध करने में जुटे प्राधिकरण अधिकारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** वर्क सक्रिल-3 के हबीबपुर गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से बनी बिल्डिंग को प्राधिकरण के अधिकारी वैध करने में जुट गये हैं।

बताया जाता है कि हबीबपुर गांव के खसरा संख्या 156 पर अवैध रूप से प्लॉटों का निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण के आला अफसरों से किया गया। लेकिन कार्रवाई के बजाय अधिकारी मामले में लीपा पोती करने में लगे हुए हैं। जबकि प्राधिकरण इस बात को माना है कि वहां पर बने फ्लैट पूर्णरूप से अवैध है। क्योंकि प्राधिकरण ने उस प्लॉटों में लगे बिजली कनेक्शन को काटने के लिए एनपीसीएल के अधिकारियों को पत्र भी लिखा है। पत्र में देवेश मलिक ने खसरा नंबर 156 पर अवैध निर्माण किया हुआ है। खसरा नंबर 156 पर हुए अवैध निर्माण को अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी वैध करने पर लगे हुए हैं। एक तरफ प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जहां अवैध निर्माठा को घोषित करने के अभियान में जुटे हैं। वहीं उनके माता-फ्ट अवसर हवाई निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं।




NPCL

वास्ते नोएडा पावर कम्पनी लिमिटेड

जितेंद्र धामट
वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन

संलग्नक: प्राधिकरण द्वारा प्राप्त पत्र।



S. Ganguly, Vice President (Operations) NPCL
Office:- Electric Sub Station,
Sector-K.P.-4, Greater Noida,
Gautam Buddha Nagar, (U.P.)

वरिष्ठ प्रबंधक,

## अखिलेश यादव के ट्वीट के बाद एक्शन

# गार्डेन गलेरिया में मारपीट में चार गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के गार्डन गैलरिया में मारपीट और छेड़खानी का मामला सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा एक्स पर किये गये पोस्ट के बाद गरमाया और दोनों पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-38ए स्थित गार्डन गैलरिया में रविवार को मारपीट और छेड़खानी के मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने टवीट किया था। अखिलेश यादव ने पीड़ित महिला का वीडियो एक्स पर डालकर प्रदेश सरकार की खिंचाई की थी। सोशल मीडिया पर मामले ने तूल पकड लिया था। ट्वीट के बाद पुलिस एक्शन में देखी और दोनों पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिखाई दे रही महिला कह रही है कि वह अपने पति व देवर के साथ गार्डेन गैलेरिया गई थी। तभी डांस के दौरान वहां मौजूद युवकों ने उसका रेट पूछ लिया। इस बात से नाराज महिला के पति व देवर ने विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। बार में अफरातफरी मच गई और दोनों पक्ष की महिलाएं भी एक-दूसरे से भिड़ गईं। सोशल मीडिया पर एक मिनट 59 सेकेंड का वीडियो वायरल होने के बाद ये मामला तूल पकडने लगा था तब पुलिस ने कहा था, दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है, और पीड़ित महिला का समझौते वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाल दिया था।

लेकिन महिला का वीडियो सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर डाल दिया। इसके बाद मामला गरम हो गया। उन्होंने लिखा था कि यह है नोएडा की बहू की पुकार उत्तर प्रदेश में बहू बेटी कोई भी सुरक्षित नहीं क्योंकि थाने शासन, प्रशासन द्वारा दिए गए आर्थिक लक्ष्य की पूर्ति में लगे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए इससे शर्मनाक बात क्या हो सकती है कि प्रदेश की एक नारी सिसकी भर कर अपने मान अपमान की रक्षा के लिए वीडियो द्वारा गुहार लगा रही है। भाजपा भ्रष्ट व्यवस्था का पर्याय बन कर रह गई है। इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर तरह तरह की बातें चलने लगीं।

नोएडा जोन के डीसीपी रामबदन सिंह का कहना है कि इस मामले में एक पक्ष के सलमान अली व हम्माज और दूसरे पक्ष के अनूप शुक्ला और केशव को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। सलमान अली का प्रॉपर्टी और बिजनेस का कारोबार है और अनूप शुक्ला व केशव सेक्टर-62 की कंपनी में जॉब करते हैं। पुलिस का कहना है कि रविवार रात को हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। बाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया था।

# बंगलादेश में हिन्दूओं पर हो रहे हमले बंद हो : चैनपाल



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में सेना का शासन है और सेना को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तख्ता पलट एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कटर पंथियों द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमले करवाए जा रहे हैं जो अफसोस जनक है उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनैतिक अस्थिरता के बीच हिंदू समुदाय और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले की खबरें सामने आ रही हैं। इसको लेकर सेना को तत्काल रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री तत्काल इस विषय को संज्ञान में लेकर बांग्लादेश की सेना से बात करनी चाहिए।

# रोटरी क्लब के नये सत्र का हुआ आगाज



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब ग्रीन द्वारा आगामी सत्र 2024-25 का इन्स्टालेशन कार्यक्रम शंखनाद रेड कार्पेट, ग्रेटर नोएडा में सम्पन्न हुआ।

क्लब के अध्यक्ष रो0 शैलेश वार्ष्णेय, क्लब सेक्रेट्री रो0 ऋ षि अग्रवाल व कोषाध्यक्ष रो0 निखिल गर्ग ने रो0 प्रशांत राज शर्मा व मुक्ता शर्मा की मौजूदगी में आधिकारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व अध्यक्ष रो0 अतुल जैन ने पिछले वर्ष क्लब के द्वारा किये कार्यो से सभी को अवगत कराया।

इन्स्टॉलेशन चेयरमैन रो0 मनोज गर्ग ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट 3012 से डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर एडमिन रो0 पंकज जैन, चेयर रंजीत खत्री, अमित राठी व रो0 संदीप मिगलानी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष रो0 सौरभ बंसल व रो0 मुकेश शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रो0 विजय शर्मा, रो0 डॉ के के शर्मा, रो0 प्रवीण गर्ग, रो0 अमित राठी, रो0 एमपी सिंह, रो0 शिवकुमार आर्य, रो0 गुरुचरण सिंह, रो0 प्रीति अग्रवाल, सोनिया मिगलानी, हिमानी वार्ष्णेय, अंजली अग्रवाल, तरुणा गर्ग, प्रीति राठी व क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर महिला को बताया धोखेबाज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पैसों के विवाद में कुछ लोगों ने एक महिला को धोखेबाज बताते हुए उसका फोटो सोशल मीडिया साइट पर डाल दिया। मामले की जानकारी मिलने पर महिला ने थाना सेक्टर-24 में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-53 में रहने वाली विमलेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके परिचित प्रवीण श्रीवास्तव का परविंदर सिंह, आशुतोष सिंह, वैभव शर्मा व राजकुमार के साथ पैसों को लेकर वाद विवाद चल रहा था। इस वाद विवाद के दौरान सभी लोगों की एक मीटिंग हुई जिसमें वह भी सम्मिलित थी। आरोपियों ने मीटिंग के दौरान चुपके से उसका फोटो ले लिया और सोशल नेटवर्किंग साइट पर उसे धोखेबाज बताते हुए फोटो को पोस्ट कर दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर जब उसने चारों आरोपियों से इस बारे में पूछताछ की तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# बाइक को मारी टक्कर, फिर लेकर गया अस्पताल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के बीजीआई कॉलेज के पास रॉन्ग साइड आ रही कार के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। भीड़ को देखकर कार चालक बाइक सवार को अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन मौका देखकर वहां से रफू चक्कर हो गया। शांतिनगर भूड़ बुलंदशहर निवासी मोहम्मद शकील ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। बीजीआई कॉलेज के पास रॉन्ग साइड में आ रही स्विफ्ट कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीर इकट्ठा हो गए जिन्होंने कार चालक को पकड़ लिया। भीड़ को देखकर चालक उसे अपनी कार में लेकर कोट गांव स्थित अशोक अस्पताल पहुंचा और उसे भर्ती कराया। भर्ती कराने के बाद चालक मौका देखकर अपनी कार सहित अस्पताल से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# हॉस्पिटल के पास पी रहे थे शराब, पुलिस ने पकड़ा तो की गाली-गलौज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी के रेलवे रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल के पास खुलेआम शराब पी रहे युवकों को टोकना पुलिस कर्मियों को महंगा पड़ा। शराब के नशे में चूर युवकों ने पुलिस कर्मियों के साथ जमकर बदसलूकी व गाली-गलौज की। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हंगामा कर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली गलौज करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक हरवीर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह रेलवे रोड चौकी क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। गश्त करते हुए जब वह रेलवे रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल के पास पहुंचे तो उन्हें 5-6 लड़के खुले में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए दिखाई दिए। उन्होंने युवकों को खुले में शराब पीने से मना किया तो उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उपनिरीक्षक के मुताबिक उन्होंने जब युवकों को बदतमीजी करने से रोकने का प्रयास किया तो वह और अधिक उग्र होकर गाली-गलौज करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगे। शोर-शराबा सुनकर शराब पी रहे युवकों के अन्य साथी भी मौके पर आ गए और हंगामा करने लगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

### पड़ोसी मुल्क में...

परमहंस जी हमेशा डटे रहे। दुनिया की तस्वीर वर्तमान में देख रहे होंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा कि आज पड़ोसी मुल्कों में हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। मठ और मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हमें इतिहास से सीख लेनी होगी, एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा।

### बुग्गी चालक...

गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो संगीत ने अपनी कार में रखे लोहे के पंच को निकाल कर उस पर कई वार कर दिए। इसके बाद संगीत ने ईट से उस पर वार कर घायल कर दिया। गांव के राजेश व अन्य लोगों ने उसे किसी तरह संगीत से बचाया। इसके बाद संगीत उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने इसकी शिकायत थोरा पुलिस चौकी में की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने सहायक पुलिस आयुक्त के यहां अपनी गुहार लगाई। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ग्रेटर नोएडा में गृह

पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मौके पर मृतक की पुत्रवधू आ गई है। पुलिस सोसाइटी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग की हत्या क्यों हुई इस बात की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वह गृह मंत्रालय से रिटायर्ड है तथा मौजूदा समय में ग्रेटर नोएडा में रह रहे थे।

### रेस्टोरेंट में खाना...

अगले दिन रात्रि के समय कैफे पर उसका भाई पवन कुमार बैठा हुआ था। इस दौरान अनमोल, विपिन तथा दो अज्ञात लड़के जबरन उसके कैफे में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। उसके भाई पवन कुमार ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की। झगड़ा देखकर कैफे के कर्मचारी व अन्य लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### कार ने बाइक में मारी....

इस हादसे में घायल शिवम की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसकर...

पड़ोस में रहने वाला कलुआ पुत्र प्रेमा व सुल्तान पुत्र लक्खी ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। उसने जैसे ही दरवाजा खोला तो दोनों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। दोनों आरोपी बदनीयती से उसे दबोचकर घर के भीतर खींचने लगे। आरोपियों की नियत को भांपकर उसने शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। लोगो को देख कर आरोपी इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर**

पत्रांक-1160/न0पा0परि0दा0/अ0अ0ई0नि0सू0/2024-25 दिनांक: 06 अगस्त 2024

**-: अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :-**

स्वच्छ भारत मिशन 2.0/ राज्य वित्त आयोग/ निकाय कोष की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर क्षेत्रान्तर्गत शौचालयों की रंगाई-पुताई के कार्य हेतु फर्मो/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनाँक 07.08.2024 से दिनाँक:-13.08.2024 तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की निविदा दिनांक:-14.08.2024 अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी के खाता संख्या 50100065525653 एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी IFSC Code-HDFC0000927 में जमा करायी जायेगी। जिसकी मूल प्रति सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य से संबधित नियम व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

| ( उमेश शर्मा ) | ( जयपाल सिंह ) | ( शालिनी गुप्ता ) | ( गीता शर्मा ) |
|---|---|---|---|
| लिपिक, लेखा अनुभाग | अवर अभियन्ता, सिविल | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी |
| गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर |

**कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी, जनपद-गौतमबुद्धनगर**

पत्रांक-1159/न0पा0परि0दा0/अ0अ0ई0नि0सू0/2024-25 दिनांक: 06 अगस्त 2024

**-: अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :-**

स्वच्छ भारत मिशन 2.0/ राज्य वित्त आयोग/ निकाय कोष की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर क्षेत्रान्तर्गत थीम पेटिंग कार्य हेतु फर्मो/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनाँक 07.08.2024 से दिनाँक:-13.08.2024 तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की निविदा दिनांक:-14.08.2024 अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद दादरी के खाता संख्या 50100065525653 एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा दादरी IFSC Code-HDFC0000927 में जमा करायी जायेगी। जिसकी मूल प्रति सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य से संबधित नियम व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद दादरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

| ( उमेश शर्मा ) | ( जयपाल सिंह ) | ( शालिनी गुप्ता ) | ( गीता शर्मा ) |
|---|---|---|---|
| लिपिक, लेखा अनुभाग | अवर अभियन्ता, सिविल | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी | नगर पालिका परिषद दादरी |
| गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर | गौतमबुद्धनगर |

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-मुख्या.-03-2024, दिनांकः 05-08-2024, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सहजनवॉ-दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में चैनेज सं. 76.00 से 88.620 के मध्य उनवल (रहित) बासगांव (सहित) में मिट्टी, बैलेकेटिंग मटेरियल की आपूर्ति एवं फारमेंसन में बिछाना, छोटे पुलो, एल.एच.एस./आर.यू.बी. का निर्माण कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 72,25,67,394.04, बयाना राशि (रू.): ₹ 37,62,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस माह)

**नोटः** ◆ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 21-08-2024, ◆ उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः दिनांक 04-09-2024, 15:00 बजे तक। ◆ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ◆ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। ◆ श्री रवि प्रकाश, सहा. कार्यपालक इंजी./निर्माण/मुख्या./गोरखपुर, मो. 9794844281

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.**
मुजाधि/डब्लू-190 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### एण्डटीवी का नया शो भीमा



**नई दिल्ली।** समानता के अधिकारों पर केंद्रित एक दमदार सोशल ड्रामा भीमा एण्डटीवी का नया शो भीमा 80 के दशक की पृष्ठभूमि पर बना है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसे निर्मित किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी है, जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। जहां लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। छोटी उम्र में ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद बाबा आंबेडकर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखती है।

### डीजल से अधिक सीएनजी कारें बिकी

**मुंबई।** भारत में पहली बार सीएनजी कारों की बिक्री बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। अभी तक डीजल कारों की सबसे ज्यादा बिक्री होती थी। अब यह ट्रेंड पूरी तरह से बदल गया है। अप्रैल से जून माह की तिमाही में 18.3 फीसदी सीएनजी कारों की बिक्री हुई है। वहीं डीजल कारों की बिक्री घटकर 18 फीसदी रह गई है। मारुति सुजुकी की कारें सबसे ज्यादा बिकी हैं। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत गैस की तुलना में काफी ज्यादा है। सीएनजी कारों में लोगों की रुचि बढी है।

### पेट्रोल और डीजल पंजाब सहित कई राज्यों में सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के भाव पर आधारित होती हैं। आपको बता दें कि भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के भाव तय करती हैं। जिसके बाद हर दिन सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, जिसका असर आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों पर पड़ सकता है। मंगलवार को बिहार में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। यहां पेट्रोल 9 पैसे बढ़कर 107.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3 पैसे बढ़कर 89.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और तंलगाना, असम, हिमाचल, मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ गए हैं।

### बांग्लादेश में संकट से भारतीय कंपनियां हो सकती हैं प्रभावित

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक संकट से भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और मुल्क में तख्तापलट होने के बाद सेना सत्ता की कमान संभाल ली है। इसका असर वहां की अर्थव्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। जिससे भारतीय कंपनियों का व्यापार भी प्रभावित हो रही हैं। कई भारतीय कंपनियों का बांग्लादेश के बाजार में बड़ा निवेश है और वहां स्थापित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से बड़ी संख्या में सामानों की आपूर्ति होती है। ऐसे में जिन कंपनियों का माल सीधे बांग्लादेश से आता है उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### टाटा डीलरशिप्स दे रही कई कारों पर बडी छूट

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा की डीलरशिप्स कई कारों पर बडी छूट ग्राहकों को प्रदान कर रही है। कंपनी की डीलरशिप्स 2024 मेड नेक्सान, हैरियर, सफारी, पंच, टियोगा, टिगोर और अल्ट्राज पर बड़ी छूट दे रही हैं। टाटा की कारें अपनी सेफ्टी के लिए खासतौर काफी पॉपुलर हैं। आइए जानते हैं कि किस मॉडल पर कितनी बचत कर पाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा सफारी पर इस महीने 70,000-1.40 लाख रुपये तक के बेनिफिट्स मिल रहे हैं।

# भारत डेयरी उद्योग में दुनिया में नंबर वन

## भारत में दुग्ध उत्पादन बढ़कर 23.06 करोड़ टन हुआ

- देश में डेयरी उत्पादन मूल्य 11.16 लाख करोड़ रुपए का है
- देश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र 68 प्रतिशत असंगठित है जिसे सरकार संगठित बनाने एवं उत्पादन और बढ़ाने का प्रयास करेगी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश ने पिछले 10 सालों में दुग्ध उत्पादन तथा मछली पालन के क्षेत्र में कई गुनी वृद्धि की है और निर्यात में भी बढ़ोतरी हुई है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन ने लोकसभा में आम बजट 2024-25 में अपने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में डेयरी उत्पादन मूल्य 11.16 लाख करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा कि भारत मछली उत्पादन में विश्व में नंबर दो और डेयरी उद्योग में नंबर एक हो गया है। भारत में दुग्ध उत्पादन वर्ष 2013-14 में 14.63 करोड़ टन से बढ़ कर 23.06 करोड़ टन हो गया है। भारत में दुग्ध उत्पादन में छह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हो रही है जबकि वैश्विक औसत वार्षिक वृद्धि दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र 68 प्रतिशत असंगठित है जिसे सरकार संगठित बनाने एवं उत्पादन और बढ़ाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मत्स्य उत्पादन की नीली क्रांति के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्रप्रदेश सहित सभी तटवर्ती राज्यों को भरपूर सहायता दी है। उन्होंने इन राज्यों को दी जाने वाली सहायता की राशि भी बताई। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ये सहायता दी जा रही है। रंजन ने कहा कि देश में मवेशियों की संख्या भी बढ़ी है। गायों की संख्या 19.09 करोड़ से बढ़कर 19.30 करोड़ हुई है और भैंसों की संख्या 10.8 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गयी है। मत्स्य पालन के उद्योग में 8.2 करोड़ लोग जुड़े हैं जबकि पशुपालन एवं डेयरी उद्योग से 12 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। वर्ष 2013-14 में भारत में मछली उत्पादन 95.7 लाख टन था जो अब 2023-24 में 174.45 लाख टन हो गया। मत्स्य उद्योग में निर्यात के आंकड़ा साझा करते हुए कहा कि मछली का निर्यात वर्ष 2013-14 में 20213 करोड़ रुपए का था जो अब 60523 करोड़ रुपए का हो गया है।

## एक्सिस बैंक ने उपभोक्ताओं की विशेष सुविधा के लिए शुरू किया स्पर्श वीक 2.0



**रांची।** देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक के रूप में अपनी पहचान रखने वाले एक्सिस बैंक उपभोक्ताओं से अपने रिश्तों को और भी प्रगाढ़ बनाने की कोशिशों में जुट गया है। इसी के चलते बैंक की ओर से एक अनूठी पहल की गई है जिसका नाम है 'स्पर्श वीक 2.0' जो कि इस आयोजन का दूसरा संस्करण है। 5 अक्तूबर से 9 अक्तूबर के बीच आयोजित होने वाले इस जश्न में बैंक की ओर से अपने कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता केंद्रित गतिविधियां चलाई जाएंगी। इन तमाम गतिविधियों का लक्ष्य 'उपभोक्ताओं को हर रोज खुश करना है' और इसी परंपरा को अपने बैंक और बैंक के मातहत आने वाली कंपनियों के जरिए आगे बढ़ाना है। इस साल बैंक निम्नलिखित पहल के तहत उपभोक्ताओं से सीधे तौर पर जुड़ने की कोशिश करेगी - देश भर के चुनिंदा शाखाओं में उपभोक्ता से मेल-मुलाकात का दौर। डिजिटल बैंकिंग से वरिष्ठ नागरिकों को अच्छी तरह से अवगत कराने की प्रक्रिया। बैंकों के तमाम उत्पादों और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के लिए 'समारोह' नामक कार्यक्रम का आयोजन। 'स्पर्श वीक 2.0' के दौरान बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों और बड़े संगठनों के उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान की जाएंगी और इससे संबंधी आयोजन रांची, धनबाद - गोबिंदपुर, देवघर की कुछ चुनिंदा शाखाओं में मनाया जाएगा; हजारीबाग-रामगढ़ और बोकारो में किया जाएगा।

## रिलायंस फाउंडेशन वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों को मदद देगा



एजेंसी

**वायनाड।** रिलायंस फाउंडेशन केरल के वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों की मदद को आगे आया है। रिलायंस फाउंडेशन ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर, त्रासदी झेल रहे लोगों के लिए लंबे समय तक राहत देन का प्लान बनाया है। पीड़ितों को फौरी राहत के लिए खाद्य पदार्थ, फल, दूध, सूखा राशन, रसोई के बर्तन, पीने का पानी, बुनियादी स्वच्छता जरूरतों का सामान, टेंट, बिस्तर, सोलर लालटेन और टार्च जैसी चीजें फाउंडेशन उपलब्ध करा रहा है। प्रभावित परिवारों की जिंदगी पटरी पर लौट सके इसके लिए बीज, चारा, उपकरण और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। रिलायंस फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पुस्तकों और खेल सामग्री सहित शिक्षा सहायता उपलब्ध कराएगा। बचाव कर्मी और आपदा प्रबंधन टीमें के सुचारू कामकाज के लिए रिलायंस जियो ने विशेष टावर लगाए हैं। ताकी संचार में सुधार हो सके और आपदा प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सके। फाउंडेशन, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक आघात से प्रभावित व्यक्तियों को विशेषज्ञों की मदद भी दे रहा है। केरल में हुई इस दुखद घटना पर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, ?हम वायनाड के लोगों की पीड़ा और भूस्खलन से हुए भारी नुकसान से दुखी हैं। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएँ हर उस व्यक्ति और परिवार के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

## भारत का स्वर्ण उद्योग नए संघ का गठन करेगा

**मुंबई।** भारतीय स्वर्ण उद्योग ने क्षेत्र में विश्वास की कमी को दूर करने तथा पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भारतीय स्वर्ण उत्कृष्टता एवं मानक संघ (आईएजीईएस) के गठन की मंगलवार को घोषणा की। यह विश्व स्वर्ण परिषद द्वारा समर्थित एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के एक क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि आईएजीईएस के लिए रूपरेखा स्वतंत्र रूप से संचालित और पेशेवर रूप से प्रबंधित की जाएगी। इसे जल्द ही जारी किया जाएगा, जिसके बाद सदस्यता की घोषणा की जाएगी। संगठन के इस साल दिसंबर या जनवरी 2025 तक काम शुरू करने की उम्मीद है।

## विस्तारा, एयर इंडिया और इंडिगो की ढाका के लिए सभी उड़ानें रद्द



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हालात को देखते हुए टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो एयरलाइन कंपनियों ने अपनी सभी उड़ानें (कैंसिल) रद्द कर दी हैं। विमानन कंपनियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा के बाद ढाका के हालातों को देखते हुए यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को दी जानकारी में बताया कि देश की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों विस्तार, एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। विस्तारा ने आज ढाका की फ्लाइट्स कैंसिल की हैं, जबकि एयर इंडिया और इंडिगो ने कल देर शाम अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। विस्तारा के एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन की उड़ानें प्रतिदिन मुंबई से ढाका और हफ्ते के तीन दिन दिल्ली से ढाका जाया करती थीं। लेकिन वहां के मौजूदा हालात को देखते हुए फिलाहल विस्तारा ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले विस्तारा ने सोमवार को मुंबई से अपनी उड़ान को संचालित किया था। वहीं, एयर इंडिया और इंडिगो ने पहले ही अपनी उड़ानें रद्द कर दी थीं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में रिजर्वेशन पॉलिसी के विरोध में हिंसा चरम पर पहुंचने के बाद वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल वो भारत में हैं।

## इंडसइंड बैंक ने एचएनआई/यूएनएचआई सेगमेंट के लिए पेश किया पायनियर प्राइवेट प्रोग्राम

IndusInd Bank

**रांची।** इंडसइंड बैंक ने अपने एक विशिष्ट कार्यक्रम, पायनियर प्राइवेट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की जिसके तहत हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनडब्ल्यूआई) की आवश्यकता के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान किये जाएंगे। एचएनआई की सेवा में खुद को मजबूती से स्थापित करने के बाद पेश यह नया कार्यक्रम, एचएनडब्ल्यूआई की विविध वित्तीय और बैंकिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत आवश्यकता के अनुरूप समाधान प्रदान करने के प्रति इंडसइंड बैंक की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। पायनियर प्राइवेट, एचएनआई/यूएचएनआई समुदाय की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार वित्तीय समाधानों का एक विशेष सेगमेंट है। इस खास कार्यक्रम को 'भविष्य में इतिहास बनाने' (हिस्ट्री लाइज अह-ड) की भावना के आधार पर तैयार किया गया है और यह समझदार यूएचएनडब्ल्यूआई की वित्तीय यात्रा की हर जरूरत को पूरा करता है। परिष्कृत निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने वाले हर तरह के बैंकिंग समाधानों की यह व्यापक श्रृंखला, पारंपरिक से लेकर ताजातरीन, एस्टेट और विरासत नियोजन, निर्बाध व्यापार और विदेशी मुद्रा सेवाएं, जरूरत के मुताबिक लोन और संरचना समाधान तथा कई अन्य ग्राहक-केंद्रित व्यक्तिगत पेशकशों तक फैली हुई है।

## सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2022 की विजेता टीम ने पेरिस में किया भारत का प्रतिनिधित्व

**रांची।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनिया भर में ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स के स्मार्टफोन पार्टनर, ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रशंसकों सहित अनेक लोगों के लिए टुगेदर फॉर टुमॉरो, इनेबलिंग पीपल नामक एक नई डिजिटल कम्युनिटी लॉन्च करने और उसे बढ़ावा देने के लिए 31 जुलाई को पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पेरिस 2024 को समर्पित पेरिस के बहुउद्देश्यीय प्रदर्शनी स्थल स्पॉट24 में आयोजित किया गया।

## एमजी मोटर इंडिया ने किया ईवी ईकोसिस्टम में इंडस्ट्री-फर्स्ट फीचर्स लांच

एजेंसी




**जमशेदपुर/गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने DriEV.Bharat में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए इनोवेशन की एक श्रृंखला को पेश किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी ईकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए मजबूत ईवी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निमार्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में एमजी ईहब को लॉन्च किया गया, जो एक ओईएम की ओर से इंडस्ट्री का पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग प्लेटफॉर्म है, प्रोजेक्ट रिवाइव, कारों के अलावा ईवी बैटरी को पुनः उपयोग करने पर केंद्रित है, ईवीपीडिया, इलेक्ट्रिक कार यूजर्स के लिए भारत का पहला समर्पित शैक्षणिक और जानकारी भरा प्लेटफॉर्म, एमजी-जियो इनोवेटिव कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म जो आने वाले सभी एमजी वाहनों के लिए एक स्टैंडर्ड तौर पर मौजूद होगा। इनोवेशन और सस्टैनबिलिटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, एमजी की ओर से इंडस्ट्री का पहला चार्जिंग प्लेटफॉर्म ईहब को कार्यक्रम में पेश किया गया। इसका उद्देश्य देशभर में ग्राहकों को एक एकल मंच प्रदान कर ईवी चार्जिंग अनुभव को आसान और सुविधाजनक बनाना है। कंपनी ने प्रोजेक्ट रिवाइव भी पेश किया, जो TERI, Lohum और Bat के साथ भागीदारी में शुरू की गई एक पहल है, इसका उद्देश्य ईवी बैटरी को कारों के अलावा दूसरे जीवन के तौर पर स्थायी सामुदायिक अनुप्रयोगों के लिए अक्षय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के रूप में उपयोग करने के लिए तैयार करना है। यह पहल सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगी, और एक ऐसा सिस्टम तैयार करेगी जिसका उद्देश्य कचरे को खत्म करना और रियूज, रिपेयर और रिसाइकलिंग के सिद्धांत के माध्यम से संसाधनों के निरंतर उपयोग को बढ़ावा देगा।

## कैटरीना कैफ की ब्यूटी ब्रांड ने पेश की हाइड्रा क्रीम लिपस्टिक



**मुंबई।** कैटरीना कैफ का ब्यूटी ब्रांड दुनिया भर में तेजी से प्रगति कर रही है। यह ब्रांड न केवल भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बन गया है, बल्कि यह अपने उत्पादों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर भी कब्जा कर रही है, जो इस संदेश के साथ विविधता और समावेशिता पर अपना ध्यान केंद्रित करने में गर्व महसूस करती है कि 'इट्स काय टू बी यू'। अब, कॉस्मेटिक ब्रांड ने अपनी त्वचा देखभाल सीरीज में एक और उत्पाद जोड़ा है। हाल ही में, उद्यमी-अभिनेत्री ने अपने नवीनतम लिपस्टिक प्रोडक्ट 'हाइड्रा क्रीम लिपस्टिक' का अनावरण किया, जो हयालूरोनिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर लीची के अर्क से समृद्ध है। चूँकि ब्रांड 'मेकअप डैट करे' के अपने सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध है, इसने संग्रह को सावधानीपूर्वक तैयार करना और लगातार विकसित हो रहे सौंदर्य प्रेमियों की प्राथमिकताओं को पूरा करना सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत सारे मेकअप के साथ प्रयोग किए हैं, इस प्रकार ऐसे उत्पाद बनाना जो वास्तव में आपके होठों की देखभाल करते हैं, हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है। रंग का पॉप - वे पौष्टिक तत्वों से तैयार किए गए हैं जो मेरे होंठों को पूरे दिन नरम और हाइड्रेटेड महसूस कराते हैं। साथ ही, 16 शानदार शेड्स के साथ, हर मूड और अवसर के लिए एकदम सही मेल है। 2019 में ब्यूटी ब्रांड को लॉन्च करके कैटरीना कैफ ने ग्लैमर और स्किनकेयर के बीच की खाई को खत्म कर दिया। ब्रांड के आदर्श वाक्य 'मेकअपदैटकेरेस' पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रत्येक उत्पाद की सामग्री को त्वचा के पोषण, हाइड्रेटेड और देखभाल के लिए चुना गया है। पिछले कुछ वर्षों में, 'के ब्यूटी' का देश भर में विस्तार हुआ है।

## टाइगर श्रॉफ ने अपनी पहली डांस अकादमी किया लांच




**मुंबई।** बॉलीवुड के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ न सिर्फ अपने ग्रैविटी डिफाइन एक्शन सीन्स के लिए जाने जाते हैं बल्कि अक्सर अपने सिग्नेचर डांस मूव्स से इंटरनेट पर धूम मचाते हैं। 'व्हिसल बजा' से लेकर 'जय जय शिवशंकर' से लेकर 'मस्त मलंग झूम' तक, श्रॉफ के डांसिंग स्किल्स ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है। अब, एक्टर अपनी पहली डांस अकादमी, 'मैट्रिक्स डांस अकादमी' के लॉन्च के साथ डांस के प्रति अपने पैशन को नेक्स्ट लेवल पर ले जा रहे हैं। एक्टर 'प्रोल', एक एक्टिववियर और एक्सेसरीज ब्रांड और 'एमएमए मैट्रिक्स' के पीछे भी प्रेरणा हैं और उनका नया वेंचर एक एंटरप्रेन्योर के रूप में उनकी क्षमता में एक और उपलब्धि है। 'मैट्रिक्स डांस अकादमी' के जरिये, टाइगर श्रॉफ कंटेम्परारी, जैज, हिप-हॉप, बैली जैसे विभिन्न डांस फॉर्म्स की जटिलताओं को उजागर करके देश भर में डांस के एसेंस को फैलाने की कल्पना करते हैं। अकादमी के विशेष रूप से क्यूरेट किए गए बैच और प्रोग्राम बिगिनर, एडवांस और एक्सपीरियंस लर्नर्स के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो एक ऑल-राउंड एक्सपीरियंस और लर्निंग देते हैं। इस नए वेंचर के साथ, श्रॉफ का लक्ष्य महत्वाकांक्षी परफॉर्मर्स को वर्ल्ड क्लास इंस्ट्रक्शन, एक्सपर्ट गाइडेंस और स्टेज पर सबका ध्यान खींचने का अवसर प्रदान करना है।

# ओपी जिन्दलः महान व्यक्तित्व व प्रेरणा स्रोत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओपी जिन्दल, जिन्हें प्यार और सम्मान से बाऊजी पुकारा जाता है, एक महान दूरद्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरताकी राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओ. पी. जिन्दल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की, जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा ही रहा है, पूरी मानवता को भी एक नई दिशा दिखा रहा है। वे जननायक थे, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किया। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। बाऊजी की 93वीं जयंती पर शत शत नमन। हरियाणा के हिसार जिले स्थित नलवा गांव में 7 अगस्त 1930 को एक किसान परिवार में जन्मे श्री ओपी जिन्दल को बचपन से ही मशीनों से लगाव था। उनकी मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जुनून और इन सबसे बढ़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गए उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करने वाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो, लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था। श्री जिन्दल ने 1952 में कोलकाता के निकट लिलुआ में एक स्टील पाइप, बेंड और सॉकिट फैक्ट्री लगाई और जन्मभूमि की सेवा के लिए वे वापस हिसार लौट आए। 1960 में उन्होंने हिसार में एक फैक्टरी लगाई जो आधुनिक भारत का एक गौरवपूर्ण



मंदिर यानी ओपी जिन्दल ग्रुप का आधार बनी। वे एक जन्मजात इंजीनियर थे। उन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित जिन्दल इंडिया नामक एक पाइप मिल की स्थापना की, जिसे आज जिन्दल इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता है। 1970 में उन्होंने जिन्दल स्ट्रिप्स लिमिटेड की स्थापना की और शुरू से ही अनुसंधान पर ध्यान दिया। इसके बाद जिन्दल सॉ, जेएसडब्ल्यू, जिन्दल स्टेनलेस और जिन्दल स्टील एंड पावर के रूप में इस वटवृक्ष का विकास हुआ जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्टील, पावर, माइनिंग, एवं इन्फ्रास्ट्रक्टर सेक्टर में उत्कृष्टता के उदाहरण हैं। हिसार में सफलता के बाद बाऊजी ने छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्य प्रदेश) को अपनी कर्मभूमि बनाया, जहां से उन्होंने पूरे विश्व में समूह के विस्तार की योजना बनाई। रायगढ़ में जेएसपी का कोयला आधारित स्पंज आयरन प्लांट, जो दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक है। 1990 के दशक में उन्होंने सीजीपी (कोयला से गैस बनाने का प्लांट) आधारित डीआरआई (डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) यानी स्पांज आयरन प्लांट के बारे में सपना देखा, जिसे जेएसपी के ओडिशा स्थित अंगुल प्लांट में सपना किया उनके बेटे नवीन जिन्दल ने। दुनिया में अपनी तरह के इस पहले प्लांट से बाऊजी की दूरदृष्टि का अनुमान लगाया जा सकता है। एक अग्रणी उद्योगपति के रूप मेंबाऊजी ने सफलतापूर्वक सिर्फ उद्योग स्थापित नहीं किये बल्कि अपने प्लांट के आसपास रहने वाले समुदायों के कल्याण के लिए भी सदैव चिंतनशील रहे।

## श्रीमद् रामायण 12 अगस्त से सोनी सब पर होगा प्रसारित

एजेंसी




**नई दिल्ली।** श्रीमद् रामायण 12 अगस्त से भारत के प्रमुख पारिवारिक मनोरंजन चैनल सोनी सब पर प्रसारित होगा जो की अब एक नए अध्याय में प्रवेश कर रही है। भगवान राम का रावण के साथ पौराणिक युद्ध का समापन 12 अगस्त को शाम 7:30 बजे सोनी सब पर प्रसारित होने वाला है। इसमें भरपूर एक्शन होने वाला है। इस युद्ध के शुरू होने के साथ सोनी सब अब विशेष रूप से उस अपरिचित कहानी को सामने लाएगा, जो इस युद्ध के बाद शुरू होती है। शो में यह दिखाया जाएगा कि भगवान राम और सीता के पुनः एक होने और अयोध्या लौटने के बाद क्या होता है? जहां जुड़वा बच्चे लव और कुश जुड़े उनके जीवन की कई अनकही कहानियों और गहरे अर्थों को खूबसूरती से समेटे हुए प्रस्तुत होगा। नीरज व्यास ने कहा, शो की प्रभावशाली कहानी और मनोरंजन, जीवन को समृद्ध होते देखने का अनुभव मिलेगा। सुजय रेऊ ने कहा कहानियाँ सार्थक और जीवन से भरपूर हैं।

# तीसरा एकदिवसीय जीतकर सीरीज बराबर करने उतरेगी भारतीय क्रिकेट टीम

एजेंसी

**कोलंबो ।** भारतीय क्रिकेट टीम अब बुधवार को मेजबान श्रीलंका को कराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज को बराबरी पर लाने के इरादे से उतरेगी। अभी भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। ऐसे में अगर वह ये मैच नहीं जीत पाती है। तो सीरीज हार जाएगी। सीरीज का पहला मैच टाई रहा था जबकि दूसरा श्रीलंका ने जीता है। ऐसे में तीसरा मैच अगर टाई भी रहता है तो भारतीय टीम सीरीज हार जाएगी। ऐसे मे भारतीय टीम के ऊपर श्रीलंका में सीरीज हार का खतरा मंडरा रहा है। इससे




पहले भारतीय टीम को 1997 में श्रीलंका के खिलाफ अंतिम बार एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। तब अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने भारतीय टीम को हराया था। उसके बाद से ही भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 एकदिवसीय सीरीज हुई हैं और सभी में भारतीय टीम जीती है। भारत के पास इस सीरीज को जीतने का अवसर अब नहीं है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी एकदिवसीय सीरीज में अच्छी नहीं रही है। विशेषकर मध्यक्र रन नहीं बना पाया है। इसी कारण टीम इस प्रकार के हालातों में फंसी है। यहां के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है जिसपर कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं।

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अभी तक केवल 38 रन ही बना पाए हैं। इससे भी टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। अब वह इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरूआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है पर अभी तक वह इसमें विफल रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

## जरुरतमंद बच्चों की सहायता के लिए आगे आये राहुल और आथिया

एजेंसी



**मुंबई ।** क्रिकेटर केएल राहुल और उनकी पत्नी अथिया शेट्टी सेव द चिल्ड्रन इंडिया नाम से जाने जाने वाले बच्चों के विपला फाउंडेशन के लिए धन जुटाएंगे। ये फाउंडेशन जरुरतमंद बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अन्य कई जरुरतों का ध्यान रखता है। राहुल और अथिया ने एक विशेष क्रिकेट नीलामी का भी आयोजन किया है, जिसमें स्टार खिलाड़ी दिग्गज अपनी कोई बहुत ही प्रिय वस्तु दान करेंगे और फाउंडेशन के लिए वित्तीय सहायता जुटाएंगे। इसके लिए ये अन्य दिग्गजों को भी अपने साथ जोड़ रहे हैं। राहुल और अथिया ने राहुल द्रविड़, महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसे प्रसिद्ध और सम्मानित क्रिकेटरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों; जोस बटलर, क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी इस बारे में संपर्क किया है। राहुल ने कहा. स्कूल में मेरा पहला दौरा बहुत भावुक था और बच्चों ने मुझे इस महान पहल में हर संभव तरीके से योगदान देने के लिए प्रेरित किया, जिसका हिस्सा अथिया का परिवार रहा है। नीलामी विपला फाउंडेशन द्वारा बच्चों को एक बेहतरीन शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए किए जा रहे कार्य काम का समर्थन करने का हमारा तरीका है।

## खास खबर

### इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर थोर्प नहीं रहे

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का का निधन हो गया है। 55 साल के थोर्प पिछले दो साल से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। थोर्प को साल 2022 में अफगानिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया था। उसी दौरान वह बीमार हो गये थे जिससे वह उबर नहीं पाये। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा, बहुत दुख के साथ यह खबर साझा कर रहा है कि थोर्प का निधन हो गया है। ईसीबी ने हालांकि उनके निधन का कारण नहीं बताया। उनके परिवार में पत्नी अमांडा और चार बच्चे हेनरी, अमेलिया, किट्टी और एम्मा हैं। इंग्लैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक इस बल्लेबाज ने 2000-01 सत्र के दौरान पाकिस्तान और श्रीलंका में इंग्लैंड की लगातार दो श्रृंखलाओं में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। साल 1993 से 2005 तक 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 44.66 की औसत से 6744 रन बनाए जिसमें 16 शतक भी शामिल हैं। इस बल्लेबाज ने सरे के लिए काउंटी क्रिकेट भी खेला है।

### दक्षिण अफ्रीका के कोच बने इमरान

**केप टाउन ।** पूर्व क्रिकेटर इमरान खान दक्षिण अफ्रीका के नये बल्लेबाजी कोच होंगे। इमरान के पास केवल एक मैच का अनुभव है,ऐसे में उन्हें कोच बनाये जाने से सभी हैरान हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि इमरान को नया बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। इस क्रिकेटरने साल 2009 में एक टेस्ट मैच खेला था। वह पिछले पांच साल से डॉल्फिस टीम के कोच थे। इमरान अभी अफ्रीकी टीम के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर हैं। वहीं टीम के बल्लेबाजी कोच एश्वेल प्रिंस निजी कारणों से इस दौरे से बाहर हैं। इमरान डॉल्फिस के कोच के रूप में काफी सफल रहे हैं। साल 2020-21 और 2022-23 में उनके कोच रहते हुए टीम ने एक चार दिवसीय टूर्नामेंट जीता था। इसके अलावा 2020-21 के एकदिवसीय कप में उनकी टीम संयुक्त रूप से विजेता रही थी। इसके अलावा उनकी टीम तीन बार सीएसए टी-20 चैलेंज के फाइनल में पहुंची थी।

### कैटी ने की लारिसा के रिकार्ड की बराबरी की

**पेरिस ।** अमेरिका की महिला तैराक स्वीमर कैटी लेडेकी ने पेरिस ओलंपिक खेलों में दो स्वर्ण जीतकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। कैटी के अब ओलंपिक में 9 स्वर्ण हो गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने ओलंपिक के महिला वर्ग में सबसे अधिक 9 स्वर्ण जीतने के लारिसा लातयनीना के रिकॉर्ड की बराबरी की है। लारिसा ने साल 1956 और 1960 के ओलंपिक में तब के सोवियत संघ की ओर से जिमनास्टिक में 9 स्वर्ण जीते थे। वहीं कैटी ने साल 2012 से अब तक के अपने ओलंपिक केरियर में 9 स्वर्ण सहित कुल 14 पदक जीते हैं। इसी के साथ ही कैटी अपने ही हमवतन माइकल फेल्प्स व मार्क स्पिट्ज जैसे तैराकों के क्लब में शामिल हो गयी है। फेल्प्स के बाद चार ओलंपिक में एक ही इवेंट में स्वर्ण जीतने वाली कैटी दूसरी तैराक है। उसने 2012 के लंदन ओलंपिक में 800 मीटर महिला फ्रीस्टाइल इवेंट में भी स्वर्ण जीता था।

# पेरिस ओलंपिक : नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे

एजेंसी

**पेरिस ।** भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नीरज ने पहले ही प्रयास में ग्रुप बी में 89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनायी। वहीं भारत के अन्य भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना ने 80.21 मीटर के साथ समापन किया। उन्होंने पहले प्रयास में 80.73 का थ्रो फेंका था और दूसरे में फाउल किया इस कारण वह क्वालीफाई नहीं कर पाये। भाला फेंक मुकाबला दो चरणों ग्रुप और खिताब के लिए होता है। ग्रुप चरण में 84 मीटर का थ्रो भी क्वालीफाई करने के लिए मान्य होता है, जबकि शीर्ष 12




खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों को अलग अलग ग्रुप में रखा गया है। पहले 16 एथलीट के ग्रुप में शामिल जेना फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। ऐस में अब सभी की उम्मीदों टोक्यो आलंपिक के स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा पर लगी हैं। नीरज दूसरे ग्रुप में भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों में पहले स्थान पर थे। पहले ग्रुप में भारत के हाथ नाकामी मिली। क्वालिफिकेशन में जेना 84 मीटर का मार्क हासिल करने में नाकाम रहे। उनको पहले ही दौर से बाहर होना पड़ा। पेरिस ओलंपिक 2024 में जैवलिन थ्रो इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में किशोर जेना ने पहला थ्रो 80.73 मीटर का फेंका जबकि दूसरा थ्रो फाउल हो गया. इसके बाद तीसरे थ्रो और आखिरी थ्रो में वह 80.21 मीटर तक ही भाला फेंक पाए।

नीरज के अलावा पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने भी पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया और 86.59 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वलिफाई कर लिया।

# डुप्लांटिस ने नौवीं बार स्वर्ण जीतकर बनाया रिकार्ड

एजेंसी

**सेंट डेनिस ।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में नौवीं बार स्वर्ण पदक जीता है। डुप्लांटिस ने इस मुकाबले में 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

इस एथलीट ने ओलंपिक खेलों में पहली बार यह उपलब्धि हासिल की है। डुप्लांटिस के इस मैच में स्वीडन के राजा और रानी भी उपस्थित थे। ये एथलीट लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवीं बार रिकॉर्ड तोड़कर अब महान पोल वॉल्ट खिलाड़ी सर्गेई बुबका के काफी करीब पहुंच गया है।



डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में इससे पहले भी 2019 में 6.17 मीटर की ऊँचाई पर कूदकर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया, और 2020 में इस रिकॉर्ड को बढ़ाकर 6.18 मीटर का रिकार्ड बनाया था। 2020 टोक्यो ओलंपिक में उन्हें उन्होंने 6.02 मीटर की ऊँचाई पर कूदकर स्वर्ण पदक जीता।

इसके अलावा 2018 और 2022 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीते थे।

वर्ल्ड चैंपियनशिप : उन्होंने 2018 और 2022 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोल वॉल्ट इवेंट में स्वर्ण पदक जीते।

## ओलंपिक में विनेश ने सुसाकीको हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी

एजेंसी

**पेरिस ।** भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में जीत से अपना अभियान शुरू किया है। विनेश ने मौजूदा चैम्पियन युवी सुसाकी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। विनेश इस मुकाबले में अंतिम मिनट में 0-2 से पीछे हो गयीं थी पर इसके बाद उन्होंने जबदस्त वापसी करते हुए अंतिम 30 सेकंड में बाजी पलट दी।

विनेश को 50 किलो वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में कठिन ड्रॉ मिला है। इसमें उनका पहला ही विश्व की नंबर एक सुसाकी से हुआ। इसमें विनेश ने अपनी प्रदर्शन से विरोधी खिलाड़ी को पटखनी दे दी। इससे तय है कि विनेश का लक्ष्य पदक जीतना है। विनेश और उनकी विरोध



खिलाड़ी के बीच शुरूआत में कड़ा मुकाबला हुआ। पहले दौर में सुसाकी को एक अंक मिला। विनेश को आक्रामक रुख नहींपेरिस अपनाने के कारण रैफरी ने चेताया था ऐसे में 30 सेकंड में उन्हें हमला करना था पर वह नहीं कर पायीं। ऐसे में विरोध पहलवान को अंक मिल गया।

## प्रदर्शनकारियों ने मुर्तजा और लिटन के घर जलाये

**ढ़ाका।** बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का शिकार क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास भी हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ के बाद इनके घर भी जला दिये।सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियों भी आया है। इसमें पूर्व कप्तान मुतार्जा के घर को जलता हुआ बताया जा रहा है। घर से धुंआ उठता दिख रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारी उनके घर के बाहर बड़ी तादाद में जमा नजर आये। इसका कारण है कि साल 2018 में मुतार्जा पूर्व पीएम हसीना की पार्टी में शामिल हो गये थे। पार्टी ने उन्हें टिकट भी दिया गया था और वो नरैल-2 सीट से सांसद चुने गए थे। बांग्लादेश में हसीना की पार्टी से जुड़े लोगों पर प्रदर्शनकारी हमले कर रहे हैं।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले छोड़ेंगे अपना पद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक हॉकले ने घोषणा की है कि वह आगामी सत्र के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। पिछले 13 वर्षों से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जुड़े हॉकले ने जून 2020 में सीए के अंतरिम सीईओ के रूप में पद संभाला था। इसके 11 महीने बाद स्थायी सीईओ बनाए गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी विज्ञप्ति में हॉकले ने कहा, ₹यह एक कठिन निर्णय था। हालांकि एक ब्लॉकबस्टर ग्रीष्मकाल के वादे के बाद और हमारी पांच साल की रणनीतिक योजना अच्छी तरह से आगे बढ़ी है, यह सही समय है कि मैं आगे बढ़ूं और नई चुनौती लूं। बोर्ड के पास अपने अगले सीईओ को खोजने के लिए पर्याप्त समय है ताकि वर्तमान



में मौजूद मजबूत नींव पर काम किया जा सके। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि निक ने बोर्ड को सलाह दी थी कि सीईओ के रूप में उनकी अगली ग्रीष्म ऋतु अंतिम होगी। बेयर्ड ने कहा कि सीईओ के रूप में, निक ने महामारी के दौरान अभूतपूर्व चुनौती के दौर में खेल को संभाला और महत्वपूर्ण विकास और स्थिरता प्रदान की। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि निक कहते हैं, उनका पूरा ध्यान हमारे प्रशंसकों, खिलाड़ियों, प्रसारकों, साझेदारों और पूरे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक और सफल ग्रीष्मकाल प्रदान करने पर है और अगले वर्ष जब वह पद से हटेंगे तो उनकी विरासत और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय होगा।₹

बेयर्ड ने कहा कि निक के निर्णय का समय बोर्ड को एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने की अनुमति देता है और हम शीघ्र ही उनके उत्तराधिकारी को खोजने और नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हॉकले के मार्च 2025 के अंत तक पद छोड़ने की उम्मीद है या संभवतः उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया के आधार पर बाद में भी पद छोड़ सकते हैं। हॉकले को जून 2020 में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया था और फिर ग्यारह महीने बाद स्थायी सीईओ बनाया गया। उनके कार्यकाल के दौरान महिला और पुरुष दोनों टीमों ने टी20 और वनडे वर्ल्ड कप जीता और पुरुष टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की भी विजेता बनी।

# मनु के स्वागत की तैयारी में लगा परिवार

एजेंसी

**अंबाजा ।** पेरिस ओलंपिक की निशानेबाजी में दो कांस्य पदक जीतने के बाद से ही मनु भाकर के परिजन देश लौटने पर उसके भव्य स्वागत की तैयारियों में लगे हैं। मनु को हालांकि अभी स्वदेश वापसी में समय लगेगा क्योंकि उन्हें खेलों के लिए धवजवाहक बनाया गया है।

वापसी पर मनु को उपहार में लग्जरी कार और बाइक तक दी जाएगी। मनु की मां उसे उसकी मन पसंद कार लैंड रोवर डिफेंडर व हार्ली डेविडसन बाइक उपहार में देना चाहती है। मां के अनुसार बचपन में वह शूटिंग रेंज में जाने के दौरान रास्ते में पड़ने वाले



शोरुम की कार खरीदेने की जो जिद करती थी। उसे अब पूरा करेंगी।

साथ ही कहा कि टोक्यो ओलिंपिक में मिली निराशा से उबरने के लिए मनु ने उसेन बोल्ट की किताब पढ़ी और उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ी। बोल्ट की किताब ने मनु की जिंदगी को नया जीवन दिया। मनु को जीवन के ऊपर बनने वाली फिल्मों को देखना और ऐसी संघर्ष की किताबें पढ़ना पसंद है। ।

मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जबकि 10 मीटर पिस्टल के मिश्रित वर्ग में सोरबजीत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता था वहीं 25 मीटर एयर पिस्टल में वह चौथे स्थान पर रहीं। एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय हैं। परिजनों के अनुसार मुन के पदक जीतने से युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है जिससे भविष्य में और भी खिलाड़ी ओलंपि में नजर आयेंगे। मनु के पिता ने कहा कि वह पढ़ाई में भी अच्छी है और उसका लक्ष्य अच्छी तैयारी कर प्रशसनिका सेवाओं में जाना है।

# अब लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने का लक्ष्य : दीपिका

एजेंसी

**पेरिस ।** भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि वह ओलंपिक पदक जीतने के बाद ही संन्यास लेगी। दीपिका को पेरिस ओलंपिक में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह निराश है पर उसने पदक की जिद नहीं छोड़ी है। लगातार चार ओलंपिक में विफल रहने के बाद भी दीपिका का कहना है कि वह पोडियम पर पहुंचने तक खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। साथ ही कहा कि वहा चार साल बाद लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतेंगी। दीपिका ने कहा, निश्चित रूप से मैं भविष्य में और खेलना



चाहती हूं और अपना खेल जारी रखूंगी। मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं और जब तक मैं इसे हासिल नहीं कर लेती, तब तक मैं खेल नह छोड़ूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी और मजबूती से वापसी करूंगी।

दीपिका ने कहा, मैं जैसे तेजी से निशाना लगाना, जैसे कौशल ओर बेहतर करने का प्रयास करुंगी। इसके अनुसार स्वयं को तैयार करना सबसे अहम रहेगा। मैंने ओलंपिक से सीखा है कि देर से निशाना लगाना प्रभावी साबित नहीं होता। ओलंपिक मे आपके पास गलतियों की जगह नहीं होती। आपको अपने पर नियंत्रण रखना होता है। मैं यहां से यह सीख लेकर वापस लौट रही हूं। दीपिका मां बनने के बाद भी अपने लगातार चौथे ओलंपिक में खेलने उतरीं।

# साउथ अफ्रीका टी20 लीग में खेलेंगे दिनेश कार्तिक

एजेंसी

**केप टाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर व बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अगले साल साउथ अफ्रीकी टी20 लीग (एसए20) में खेलेंगे। रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स ने मंगलवार को सीजन-3 के लिए अपने सबसे नए विदेशी खिलाड़ी के रूप में दिग्गज भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को शामिल करने की घोषणा की है। कार्तिक साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे।

हाल ही में 39 वर्षीय बल्लेबाज कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन

- पार्ल रॉयल्स के साथ किया करार
- दिनेश कार्तिक साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे

अब उन्होंने साउथ अफ्रीकी टी20 लीग में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलने का फैसला किया है। कार्तिक का फ्रेंचाइजी में स्वागत करते हुए रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि दिनेश ने सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए अच्छा खेलें हैं। उनका समृद्ध अनुभव सीजन 3 के लिए हमारी टीम को मजबूत बनाने में योगदान देगा। वह जिस तरह से खेल के प्रति अपना दृष्टिकोण रखते हैं, उसके




कारण वह हमेशा लीगों में प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित हुए हैं, इसलिए यह हमारे लिए एक रोमांचक अनुबंध है और हम उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।कार्तिक ने क्रिकेट में वापसी और एसए20 में खेलने पर कहा कि मेरे पास दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर मेरे सामने आया, तो मैं मना नहीं कर सका, क्योंकि क्योंकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापस आना और रॉयल्स के साथ इस अविश्वसनीय प्रतियोगिता को जीतना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि भले ही मुझे आईपीएल में रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करने का मौका न मिला, लेकिन मैं पार्ल रॉयल्स टीम में शामिल होकर बहुत खुश हूं, जिसमें बहुत अनुभव, गुणवत्ता और क्षमता है। मैं निश्चित रूप से समूह में शामिल होने और एक रोमांचक सीजन में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

कार्तिक का आईपीएल करियर कई टीमों के साथ लंबा और शानदार रहा है, लेकिन उन्होंने कभी राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेला। कार्तिक सफेद गेंद के क्रिकेट में एक फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। उनका भारतीय टीम के लिए एक शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर रहा है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 26 टेस्ट मैच, 94 वनडे और 60 टी20 मैच खेले हैं। बल्लेबाज ने टेस्ट मैचों में 1025 रन, वनडे फॉर्मेट में 73.24 की स्ट्राइक रेट और 30.21 की औसत से 1752 रन और टी20 मैचों में 142.62 की स्ट्राइक रेट और 26.38 की औसत से 686 रन बनाए। दिनेश कार्तिक ने 257 आईपीएल मैचों में 135.36 के स्ट्राइक और 26.32 की औसत से 4842 रन बनाए हैं। ओवरऑल कार्तिक ने टी20 प्रारूप में विभिन्न टीमों से खेलते हुए 401 मैचों में 136.96 की स्ट्राइक रेट से 7407 रन बनाए हैं।



पेरिस में ओलंपिक खेलों की जिम्नास्टिक स्पर्धा में भाग लेती हुई ब्राजील की रिबेका।

# अखंड सौभाग्य के लिए जरूर करें हरियाली तीज व्रत

**महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले त्योहारों में से हरियाली तीज प्रमुख है। महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के साथ इन व्रत को रखती है, जबकि कुंवारी युवतियां जल्द विवाह के लिए यह व्रत रखती है। मान्यता है कि इस व्रत से विवाह के जल्द योग बनते हैं। सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज मनाई जाती है। यहां आपको बताते हैं, इस बार हरियाली तीज कब और इसकी क्या पूजा विधि है।**



### हरियाली तीज 2024 तिथि

हिंदू कालगणना के अनुसार, सावन माह के शुक्ल की तिथि की शुरुआत 6 अगस्त यानी मंगलवार को होगी। यह तिथि रात 07 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन अगले दिन यानी 7 अगस्त (बुधवार) को रात 10 बजकर 05 मिनट पर होगा। हिंदू धर्म में उदया तिथि का महत्व बताया गया है, ऐसे में हरियाली तीज 7 अगस्त को मनाई जाएगी।

### क्या है पूजा विधि

सुबह जल्दी उठें और व्रत का संकल्प लें। स्नानादि से निवृत होकर हरे कपड़े पहनें। मंदिर की सफाई कर पीला कपड़ा बिछाएं।
भगवान शिव और मां पार्वती की स्थापना करें।
अब विधि अनुसार भगवान का पूजन करें।
अंत में आरती कर पूजा का समापन करें। इस दौरान हरियाली तीज की कथा पढ़ने और सुनने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

### इन बातों पर दें ध्यान

व्रत के दौरान दिन के समय न सोएं।
तामसिक चीजों का सेवन न करें।
व्रत से एक दिन पूर्व मेहंदी लगाएं।
इस दिन किसी का अपमान न करें।



### हरियाली तीज का क्या है महत्व?

तीज का त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत में महिलाओं द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। हिंदू धर्म में प्रमुख तीन तीज पर्व मनाए जाते हैं, जिनमें हरियाली तीज, कजरी तीज और हरतालिका तीज शामिल है। यह तीनों तीज श्रावण और भाद्रपद मास में मनाए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हरियाली तीज पर भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना करने से न केवल दांपत्य जीवन में बल्कि पारिवारिक जीवन में भी सुख-समृद्धि आती है और कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती हैं। इसके साथ संतान प्राप्ति के लिए भी हरियाली तीज पर्व को महत्वपूर्ण माना जाता है।

# रात में डिनर के बाद आप भी करते हैं ये गलतियां?

## शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोग देर रात तक काम करते हैं और उसके थककर घर आते हैं और खाना खाते हैं और सो जाते हैं, लेकिन यह तरीका सही नहीं है। आधुनिक गतिहीन लाइफस्टाइल के कारण डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, हार्ट डिजीज आदि बीमारियां बढ़ने लगी है। देर रात भोजन करना वैसे भी नुकसानदेह है। इसपर लोग रात में खाना खाने के बाद कई तरह की गलतियां करते हैं। इससे और ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि रात में खाने के बाद आप क्या-क्या गलतियां कर रहे हैं।



देर रात भोजन करना सबसे खराब तरीका है। देर रात तक जागने से कई तरह के हार्मोन में बदलाव होने लगता है जिसका नकारात्मक असर हमारे शरीर पर पड़ता है। इस स्थिति में देर रात डिनर करने से सबसे पहले डाइजेशन बिगड़ सकता है। इससे मेटोबोलिज्म स्लो हो सकता है और आप मोटापा के शिकार हो सकते हैं।

खाने के तुरंत बाद बेड पर जाना-अधिकांश लोग रात में डिनर के तुरंत पर बेड पर लेट जाते हैं। डिनर के तुरंत बाद बेडपर जाना बहुत बड़ी गलती है। इससे भोजन पचाने के लिए आवश्यक एंजाइम निकल नहीं पाते हैं और कई तरह की परेशानियां हो सकती है। इसलिए रात में डिनर के तुरंत बाद बेड पर न लेटें। कोशिश करें कुछ देर इधर-उधर करें या कम से कम कुर्सी पर बैठ ही जाएं।

खाने के बाद स्क्रीन टाइम-आजकल शायद ही कोई ऐसा होगा जो रात में सोने के समय बिस्तर पर मोबाइल न देखता होगा। लेकिन रात में किसी भी तरह का स्क्रीन टाइम शरीर के लिए बेहद नुकसानदेह है। जैसे ही बिस्तर पर सोते समय हम मोबाइल की स्क्रीन हमारे आंखों के सामने होगी, हमारा बायलॉजिकल क्लॉक में गड़बड़ियां होने लगेगी। स्क्रीन के प्रभाव से कॉर्टिसोल हार्मोन रिलीज होगा जो तनाव और अवसाद को बढ़ा देगा। इससे नींद की गुणवत्ता भी खराब होगी और सुबह-सुबह आपको निराशा भी होगी। इसलिए रात में खाना खाने के बाद कम से कम एक घंटे तक बेड पर नहीं जाना चाहिए।

सिगरेट-शराब-वैसे तो सिगरेट-शराब हमेशा ही खराब चीज है लेकिन रात में डिनर के बाद यदि आप सिगरेट-शराब का सेवन करते हैं तो इससे कई तरह की बीमारियों के आप शिकार हो जाएंगे। डिनर के बाद सिगरेट-शराब का सेवन पेट में एसिड रिफलेक्स, हार्ट बर्न, इनडाइजेशन की समस्या पेदा करेगा। लंबे समय तक ऐसा करने से कई बीमारियां हो सकती है।

वॉक न करना-रात में डिनर करने के बाद यदि तुरंत बेड पर जाकर सो जाते हैं तो यह भी गलत तरीका है। अगर फिट रहना है कि रात में डिनर के बाद कम से कम 10 मिनट तक वॉक जरूर करें। इससे थकान होगी तो बेहतर और सुकून भरी नींद आएगी।

# पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए एप्पल साइडर विनेगर का करें इस्तेमाल



लोग अक्सर अपने चेहरे को निखारने में लगे रहते हैं, लेकिन पैरों और हाथों पर इतना ध्यान नहीं देते। ऐसे में हाथ-पैर में गंदगी जमने लगती है। कई बार नाखूनों में फंगल इन्फेक्शन तक हो जाता है। मानसून में खासकर पैरों से बदबू और फंगल इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है, तो वहीं टैनिंग की वजह से भी पैर डार्क हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने पैरों की समय-समय पर साफ-सफाई और उन्हें चमकाने के लिए कुछ खास उपाय कर सकते हैं। आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे लगाकर आप अपने पैरों की रंगत भी निखर जाएगी।

पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल कर सकते हैं। सेहत के साथ-साथ आपकी स्किन के लिए भी एप्पल साइडर विनेगर बहुत फायदेमंद है। आइए जानते हैं, पैरों पर एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए। सबसे पहले आइए जानते हैं एप्पल साइडर विनेगर के फायदे-

एप्पल साइडर विनेगर एसिडिक होता है, इसलिए अगर आप इसमें अपने पैरों को सोक (भिगोना) करते हैं, तो ये आपके पैरों को कोमल या मुलायम बनाता है। इसके साथ ही आपके पैर भी साफ हो जाते हैं।

कहते हैं एप्पल साइडर विनेगर में पैरों को सोक करने से पैरों के सेल्स जवां हो जाते हैं, जिससे पैरों का दर्द भी दूर हो जाता है। साथ ही फटी एड़िया भी ठीक हो जाती हैं।

जो लोग पूरे दिन जूते-मोजे पहने रखते हैं, उनके पैरों से अक्सर बदबू आने लगती है, तो वहीं सिरके में अपने पैर सोक करने से बदबू दूर हो जाती है। दरअसल, एप्पल साइडर विनेगर आपकी स्किन का पीएच लेवल बैलेंस रखता है, जिससे बदबू की समस्या नहीं होती।

एप्पल साइडर विनेगर में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जो फंगल इन्फेक्शन से भी बचाता है।



### पैरों पर इसका ऐसे करें इस्तेमाल

सबसे पहले आप एक टब में एक कप एप्पल साइडर विनेगर और चार कप पानी मिक्स करें। अब इसमें पैरों को डुबोकर करीब 20 मिनट तक रखें। अब पैरों के पानी के निकाल कर किसी ब्रश की मदद से स्क्रब करें, इसके बाद नॉर्मल पानी से धो लें। आपके पैर में चमक आ जाएगी।

# मुट्ठी बांधने का तरीका बताता है आपकी शख्सियत

आमतौर पर कोई किसी को मुक्का मारने के लिए मुट्ठी बनाता है, लेकिन कभी आपने सोचा है कि जब आप अपनी मुट्ठी में अपना अंगूठा फंसाते हैं। तो आप हमेशा अपना अंगूठा अपनी मुट्ठी में क्यों रखते हैं? या आप अपने अंगूठे का यूज अपनी सभी अंगुलियों को बंद करने के लिए क्यों करते हैं? क्या आपको पता है, जैसे आपके चेहरे का आकार, नाखून का आकार, होंठ का आकार आपके स्वभाव को बताता है। ठीक वैसे ही आपके मुट्ठी बंद करने का तरीका भी लोगों को आपके वास्तविक व्यक्तित्व लक्षणों को दर्शाता है। आपके मुट्ठी बंद करने का तरीका आपके नेचर के बारे में क्या कहता हैं, आज हम आपको इस बारे में बताने जा रहे हैं। अपना नेचर जानने के लिए ध्यान देने योग्य बातें-



आप अपने अंगूठे से ऊपर की ओर इशारा करते हुए अपने अंगूठे को तर्जनी अंगुली के ऊपर रखते हुए मुट्ठी बनाते हैं,तो आप जन्म से ही एक लीडर हैं। आप काफी बहादूर हैं, भले ही किसी काम को करने से पहले आप नर्वस हो रहे हो, लेकिन आप बिना अपना डर दिखाए उस काम को अच्छे से करने में माहिर हैं। आप अपने काम पर पूरा फोकस करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विश्वास रखते हैं। आप काफी टैलेंटेड हैं। जिसके कारण आप अपने वर्क प्लेस में सबसे अलग दिखते हैं। आपको नई-नई चीजों के बारे में जानना बहुत पसंद है। आप दूसरों की भलाई के बारे में भी काफी सोचते हैं। किसी की मदद करने के लिए कभी न नहीं कहते। गलत करने वालों को आप बिल्कुल पसंद नहीं करते। आपकी अच्छाई के कारण अक्सर लोग आपका गलत फायदा भी उठा लेते हैं। आप कोई भी फैसला लेने से पहले जल्दबाजी नहीं करते, शांति और समझदारी से कोई भी निर्णय लेने में विश्वास रखते हैं।

अगर आप अपनी सभी अंगुलियों को अंगूठे से दबाते हुए अपनी मुट्ठी बनाते हैं, तो आप काफी रचनात्मक व्यक्ति हैं। आप काफी स्वाभिमानी और आकर्षक व्यक्तित्व के हैं, हर कोई आपकी ओर खींचा चला आता है। आप किसी भी जगह रहते हैं, सबका ध्यान आप पर ही रहता हैं। लोगों के बीच आपकी ईमानदारी और समझदारी के लिए काफी प्रशंसा होती है। आप अपनी पर्सनेलिटी को काफी पसंद करते हैं। आप अभिमानी नहीं हैं। आप अपने मन की करना पसंद करते हैं। पार्टी और पब जाना आपको काफी पसंद है। आपका ईमानदार होना कभी-कभी आपके लिए फयदेमंद हो जाता हैं, तो कभी कभी आपके लिए परेशानी का सबब बन जाता हैं। एक बार कोई -आपकी नजरों से उतर जाता है, तो आप उस पर दोबारा विश्वास नहीं कर पाते। आप अपने सम्मान को अपनी भावनाओं से ऊपर रखते हैं।

अगर आप अपने अंगूठे को अपनी सभी अंगुलियों के अंदर रखते हुए मुट्ठी बनाते हैं, तो आप इंट्रोवर्ट हैं। आप खुद में रहना पसंद करते हैं। आसानी से दूसरों के साथ मिलजूल नहीं पाते। अपने विचारों और भावनाओं को अपने तक ही सीमित रखना पसंद करते हैं। आप बहुत रचनात्मक हैं। आपके विचार लोगों से काफी अलग होते हैं। आप सिर्फ उन्हीं लोगों के साथ ज्यादा रहना पसंद करते हैं, जो आपकी तरह हो। आप नेचर से काफी दयालू हैं। आप दूसरों की बातें धैर्य के साथ सुन सकते हैं। आपको तेज बोलने वाले या चिल्लाने वाले लोग बिल्कुल पसंद नहीं आते। खुद की तारीफ करने वाले लोग भी आपको नहीं पसंद आते। वैसे तो आप काफी शांत स्वभाव के होते हैं। लेकिन अगर कोई आपके साथ गलत करता हैं, तो आप उसे उसकी जगह दिखाना भी अच्छे से जानते हैं। आप रिश्ते दिल से निभाते हैं।

# घर के पास लगे पीस लिली के पौधे के फायदे

पीस लिली का पौधा, जिसे स्पैथिफिलम के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध इनडोर पौधा है जो एक नीरस जगह को खुशनुमा बना सकता है। पीस लिली का पौधा घर में उगाए जाने वाले सबसे आसान पौधों में से एक है, जिसे कम देखभाल की आवश्यकता होती है। हालाँकि, उचित बढ़ती परिस्थितियाँ आवश्यक हैं। इस ब्लॉग में, हम सीखते हैं कि पीस लिली का पौधा कैसे उगाएं, इसके फायदे, पौधे को दोबारा कैसे लगाएं और पीस लिली के लिए वास्तु टिप्स। "अच्छी देखभाल के साथ वे एक दशक या उससे अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। आपके पौधे को जितनी अधिक रोशनी मिलेगी, वह उतना ही अधिक खुश रहेगा, उतनी ही तेजी से बढ़ेगा, और उतना ही अधिक खिलेगा।



**सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है:** कहा जाता है कि पीस लिली घर में सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करती है।

**कम रखरखाव:** यह देखभाल में आसान पौधा है। इसके लिए मध्यम धूप और कम पानी की आवश्यकता होती है। आप इसे सप्ताह में एक बार पानी दे सकते हैं, और कम उर्वरक की आवश्यकता होती है।

**घर के अंदर की हवा को शुद्ध करता है:** पीस लिली हवा को शुद्ध करता है और हवा की गुणवत्ता में सुधार करता है। यह पौधा हानिकारक प्रदूषकों या एसीटोन या अल्कोहल जैसे रसायनों को अवशोषित करता है, जो पेंट, रबिंग अल्कोहल, नेल रिमूवर आदि में पाए जाते हैं।

**आत्मिक नींद को बढ़ावा देता है:** पीस लिली की उपस्थिति अच्छी नींद का समर्थन करती है और चिंता को कम करने में भी मदद करती है।

**एक बेहतरीन घरेलू सजावट का टुकड़ा:** यह पौधा घर के समग्र स्वरूप को बढ़ाने में मदद करता है। आप पीस लिली के पौधे को अधिक सौंदर्यपूर्ण बनाने के लिए उसे जूट के फूलदान में रख सकते हैं।

### पीस लिली को कैसे रोपें या दोबारा लगाएं

यदि आप अपने घर या ऑफिस डेस्क पर पीस लिली का पौधा उगाना चाहते हैं तो निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:-

**चरण 1:** एक पीस लिली का पौधा लगाएं और एक कंटेनर में सर्व-उपयोगी गमले की मिट्टी रखें। याद रखें कि गमला पौधे के आकार से दोगुना होना चाहिए। नमी बनाए रखने और जल्दी सूखने के लिए पौधे को अच्छी जल निकासी वाले बर्तन में रखें। यदि पौधे की जड़ें लगातार गीली रहती हैं, तो यह जड़ सड़न कवक को बढ़ावा देती है।

**चरण 2:** पीस लिली फूल के पौधे को हर वसंत में दोबारा लगाएं क्योंकि यह ताज़ा मिट्टी में अच्छी तरह से खिलता है।

**चरण 3:** यदि एक ही गमले में पौधा बहुत बड़ा हो जाए तो पौधे को दो या आवश्यकतानुसार कई भागों में बाँट लें। पौधे को विभाजित करते समय, सुनिश्चित करें कि प्रत्येक तने पर कई पत्तियाँ हों।

# एनीमिया से आंखों की रोशनी पर भी पड़ता है असर

**हमारे शरीर में आयरन एक आवश्यक पोषक तत्व है और इसकी कमी से एनीमिया की समस्या हो सकती है।आयरन की कमी के कारण लोगों में सिरदर्द और थकान महसूस होने लगती है, लेकिन कभी-कभी इस कारण से आंखों की रोशनी पर भी असर हो सकता है। इस कारण आंखों की रोशनी कम हो सकती है। ऐसी स्थिति में तत्काल डॉक्टर की सलाह पर एक बार आयरन टेस्ट भी करा लेना चाहिए।**



### कम होने लगता है हीमोग्लोबिन

आयरन की कमी से हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन लेवल कम होने लगता है। शरीर में मौजूद लाल रक्त कणिकाओं में हीमोग्लोबिन एक ऐसा पदार्थ है, जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई करता है। यही कारण है कि आयरन की कमी होने पर शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई बाधित हो जाती है और हमें थकान महसूस होने लगती है। इसका सीधा असर आंखों में भी देखा जा सकता है।

### कम आयरन और धुंधली दृष्टि

ऐसा जरूरी नहीं है कि आयरन की कमी होने पर सभी मरीजों की आंखों की रोशनी कम हो जाती है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थिति में आयरन की कमी रेटिना की स्थिति में परिवर्तन का कारण बन सकती है। डॉ। दत्तानी के अनुसार ऐसे लक्षण कुछ मरीजों में देखे जाते हैं।आयरन की कमी के कारण 'एनेमिक रेटिनोपैथी' हो सकती है।

### आंखों में आयरन की कमी के लक्षण

आयरन की कमी के लक्षणों को आसानी से पहचाना जा सकता है। शरीर में आयरन की कमी होने पर आंखों की निचली पलकों के अंदर का रंग पीला पड़ने लगता है। गंभीर स्थिति में आंखों की पलकों की अंदरूनी परत हल्की गुलाबी या पीली हो जाती है। इसके अलावा आयरन की कमी होने पर आंखों में ड्राइनेस भी आ जाती है और आंखों से आंसू नहीं निकले हैं।

### ये लक्षण भी नजरअंदाज न करें

शरीर में आयरन की कमी होने पर थकान और कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, सांस लेने में कठिनाई होने के साथ आंखों में धुंधला पर आने लगता है। ऐसे में तत्काल हेल्थ एक्सपर्ट से संपर्क करना चाहिए, वरना लगातार ऐसी स्थिति बनी रहना आंखों के लिए घातक साबित हो सकता है।

# आग के खतरों से निपटने के लिए घर में लगाएं अग्निशामक यंत्र



कार्यालय भवनों, मॉल और आवासीय सोसायटियों में अग्निशामक यंत्र एक आम दृश्य हैं। ऐसे स्थानों पर स्थापित मध्यम से बड़े आकार के अग्निशामक यंत्र आग लगने की आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। धीरे-धीरे लोग इन्हें घर में लगाने का महत्व भी समझने लगे हैं। विशिष्ट आवश्यकताओं और बजट से मेल खाने के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार और आकार के अग्निशामक यंत्र उपलब्ध हैं। अग्निशामक यंत्र की कीमतें प्रकार के आधार पर अलग-अलग होती हैं, जबकि उन्हें संचालित करने का तरीका काफी हद तक एक ही रहता है। इनमें से अधिकांश को संचालित करना आसान है। उनकी कार्यक्षमता को समझने के लिए एक छोटा सा डेमो ही काफी है।

### जल शमन यंत्र

जल बुझाने वाले यंत्रों को दो अलग-अलग प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। ये मानक जल शामक और शुष्क जल शामक हैं। आइए एक नज़र डालें कि इनमें से प्रत्येक क्या पेश करता है

### मानक जल शामक

इस प्रकार का अग्निशामक बहुत अधिक दबाव पर पानी निकालता है। इसमें कुछ ऐसे रसायन भी शामिल हो सकते हैं जो आग बुझाने की इसकी क्षमता को बढ़ाते हैं। यह क्लास ए की आग के कारण भड़कने वाली लपटों को बुझाने में मदद करता है। इसमें कागज, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक, लकड़ी, कपड़े और अन्य ठोस सामग्री जैसे ज्वलनशील पदार्थों पर लगी आग शामिल है।




बुझाने वाला यंत्र ठोस लाल रंग का होता है। इस पर 'पानी' या एक्वा स्प्रे' शब्द मोटे अक्षरों में अंकित है। बिजली के उपकरणों और तेल की आग पर इसका छिड़काव करने पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए।

### ड्राई वॉटर मिस्ट एक्सटिंग्विशर

यह सबसे उपयोगी अग्निशामकों में से एक है क्योंकि यह लगभग सभी प्रकार की आग बुझाने में मदद करता है। इनके प्रयोग से कठिन से कठिन आग को भी बुझाया जा सकता है। नोजल से बाहर आते ही पानी शुष्क सूक्ष्म कणों में परिवर्तित हो जाता है। ये कण आग की लपटों का दम घोंट देते हैं। इस प्रकार का अग्निशामक यंत्र भी ठोस लाल रंग का होता है। आप इस पर 'वॉटर मिस्ट' शब्द अंकित देखेंगे।

# अर्जुन कपूर से धोखा खाने के बाद मलाइका ने किया पोस्ट






बॉलीवुड के पावर कपल मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर की रिश्ता खत्म हो चुका है। दोनों के रिश्ते में दरार आ गई है। अर्जुन और मलाइका ने जो सपने देखे थे वह अधूरे रह गए। कपल की बात शादी तक पहुंचने से पहले ही दोनों ने अपनी राहें अलग कर ली। अब ऐसे में हर रोज मलाइका और अर्जुन अपने दिल का हाल जुबां से नहीं अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से बताते नजर आ रहे हैं। इससे पहले ऐसा नहीं हुआ था कि दोनों जिंदगी के बारे में पोस्ट करें, पर जब दोनों के ब्रेकअप की खबरें आना शुरू हुई तब से दोनों के इंस्टाग्राम पोस्ट पर फैंस को कपल की अधूरी कहानी दिखाई दी। मलाइका ने एक बार फिर क्रिप्टिक पोस्ट किया है। जिसे पढ़कर एक बार फिर अर्जुन कपूर को याद कर रहे हैं। मलाइका अरोड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है वह इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती है। एक्ट्रेस ब्रेकअप की खबरों के बाद से ही इंडिया में कम रहती हैं। वह अपने दोस्तों के साथ ज्यादातर हॉलीडे पर रहती हैं। इन दिनों भी वह वेकेशन पर गई हुई हैं और वहीं से मलाइका ने एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, "कामयाबी ने मुझे सिखाया कि यहां कुछ भी ऐसा नहीं है जिसके लिए मुझे अपने कैरेक्टर से बाहर निकलना पड़े।" अब एक्ट्रेस के फैंस समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर मलाइका कहना क्या चाहती हैं। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले 5 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। पार्टी हो या इवेंट दोनों साथ नजर आते थे। कपल के प्यार ने दोनों के उम्र के फासले को भी नजरअंदाज कर दिया था। फिर अचानक कपल के सूत्र ने बताया कि दोनों ने अलग होने का फैसला किया है और हमेशा अच्छे दोस्त रहने का सोचा है, पर ब्रेकअप के इतने समय बाद भी दोनों एक दूसरे को नहीं भूल पा रहे हैं और ऐसे ही जिंदगी को लेकर पोस्ट शेयर करते रहते हैं।

# बहन के नक्शे कदम पर खुशी



**जान्हवी कपूर साल की शुरुआत से ही चर्चा में रही हैं। वजह है उनकी फिल्में क्या साउथ और क्या बॉलीवुड। इस वक्त डायरेक्टर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं। उनकी झोली में लगातार कई बड़ी फिल्में आ रही हैं। शुरुआत बॉलीवुड से कर लेते हैं। इस साल उनकी दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। पहली- मिस्टर एंड मिसेज माही और दूसरी- उलझ। पहली फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला था। पर दूसरी पिक्चर की शुरुआत ही काफी खराब हुई।**

जल्द वो जिस साउथ फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं, वो है- Devara। जूनियर एनटीआर के अपोजिट जान्हवी कपूर दिखेंगी। वहीं राम चरण के साथ अगली फिल्म करने वाली हैं, जो है- RC16। दरअसल चिरंजीवी चाहते थे कि श्रीदेवी की बड़ी बेटी और उनका बेटा साथ में काम करें। यही वजह है कि उन्हें पिक्चर मिली। पर अब खुशी कपूर भी बहन के नक्शे कदम पर चल रही हैं। जल्द वो साउथ डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड डेब्यू किया। इस वक्त उनकी दूसरी फिल्म पर काम हो रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 'नादानियां' में खुशी कपूर के साथ इब्राहिम अली खान काम करने वाले हैं। इसके अलावा वो एक और फिल्म में दिखने वाली हैं, जो आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ होगी। 'लव टुडे' के हिंदी रीमेक के लिए दोनों पूरी तरह से तैयार हैं। अब पता लगा कि उनके हाथ एक बड़ी साउथ की फिल्म लगी है।



# सोनू सूद ने शर्टलेस होकर फ्लॉन्ट किए एब्स

सोनू सूद को न केवल उनकी अभिनय क्षमता बल्कि फिटनेस के प्रति उनके समर्पण के लिए भी हमेशा सराहा गया है। अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, अभिनेता ने अपने एब्स की आकर्षक छवि के साथ अपनी प्रभावशाली बॉडी का प्रदर्शन किया। सोनू सूद को चरम रूप में कैद करने वाली यह तस्वीर तेजी से वायरल हो गई, जिसने प्रशंसकों और फिटनेस उत्साही लोगों का ध्यान आकर्षित किया। एक टिप्पणी में लिखा था, 'हैट्स ऑफ', एक अन्य यूजर ने उन्हें 'लीजेंड' कहा और कई लोगों ने उनसे अपने आहार और कसरत के नियम के बारे में भी बताने को कहा। सोनू सूद के तराशे हुए पेट और संपूर्ण एथलेटिक बनावट उनकी अनुशासित जीवनशैली का प्रमाण है। इससे पहले, अभिनेता ने खुलासा किया था कि वह अपने दिन के कम से कम दो घंटे फिटनेस के लिए समर्पित करते हैं, जिसमें दौड़ना, साइकिल चलाना और अन्य प्रकार के वर्कआउट भी शामिल हैं। वर्तमान में, सूद अपनी आगामी फिल्म 'फतेह' की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो अभिनेता-समाजसेवी के निर्देशन की पहली फिल्म भी है। 'फतेह' एक्शन के मिश्रण के साथ साइबर अपराध के वास्तविक जीवन के उदाहरणों की पड़ताल करता है। सोनू सूद नसीरुद्दीन शाह और जैकलीन फर्नांडीज के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे।

# साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मंगलवार' अब हिंदी में

पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ स्टारर साउथ की ब्लॉकबस्टर एक्शन हॉरर फिल्म मंगलवारम अब हिंदी में 'मंगलवार' के नाम से 9 अगस्त 2024 को ज़ी सिनेमा पर प्रीमियर होने जा रही है। ईगल होम एंटरटेनमेंट्स प्रस्तुत इस फ़िल्म में दक्षिण भारत के विख्यात सितारे पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ ने अभिनय किया है। ईगल होम एंटरटेनमेंट्स के निदेशक सुरेंद्र सुनेजा मंगलवार की रिलीज़ को लेकर काफी रोमांचित हैं। फ़िल्म मंगलवार रहस्य और हॉरर से भरपूर फिल्म है, जिसने सिनेमाघरों में पहले ही धूम मचा दी है। प्रतिभाशाली पायल राजपूत और अजनीश लक्मथ अभिनीत इस ब्लॉकबस्टर ने आकर्षक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद, मंगलवार एक सनसनी बन गई और सबसे ज्यादा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने वाली फिल्मों में से एक बन गई, जिसने कुछ ही दिनों में डिज्नी स्टार पर 150 मिलियन व्यूज मिनट के साथ अपनी सफलता का परचम लहरा दिया। अब फ़िल्म 'मंगलवार' टीवी के



दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है, क्योंकि इसका प्रीमियर 9 अगस्त 2024 को हिंदी में दुनिया भर में ज़ी सिनेमा पर होने जा रहा है। फ़िल्म मंगलवार न केवल एक दिल छू लेने वाली कहानी है बल्कि एक एहसास भी है, जिसे आप देखते समय महसूस करेंगे। 'आरएक्स 100' और 'महा समुद्रम' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक अजय भूपति ने इस फ़िल्म को बाकी फिल्मों से काफी अलग बनाया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के जंगलों में सैकड़ों कलाकारों के साथ लगातार 75 दिन और रात शूटिंग की। शूटिंग के दौरान एडिटिंग और साउंड डिजाइन को ध्यान में रखा गया। पायल राजपूत ने अपनी अद्भुत एक्टिंग प्रतिभा को साबित कर दिया है। कैमरामैन सिवेंद्र दसरधी ने हर सीन को बखूबी पेश किया है। ईगल होम एंटरटेनमेंट्स के निदेशक सुरेंद्र सुनेजा ने कहा कि 'इस फिल्म में कुछ ऐसा दिखाया गया है जो पहले कभी नहीं देखा गया। कंतारा फेम अजनीश बी लोकनाथ ने फ़िल्म के बैकग्राउंड म्युज़िक को यादगार बना दिया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आएगी।'

# यूट्यूब पर आए रणवीर शौरी



**बिग बॉस ओटीटी 3 भले ही खत्म हो गया है, लेकिन शो के प्रतियोगी लाइमलाइट में बने हुए हैं। सना ने रैपर नैजी को पछाड़कर विजेता का ताज अपने सिर सजाया है। जहां नैजी रियलिटी शो के फर्स्ट रनर-अप रहें, वहीं रणवीर शौरी 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेकंड रनर-अप बने। अब हाल ही में, रणवीर शौरी भी यूट्यूब पर आ गए हैं और उन्होंने अपना पहला व्लॉग भी शेयर किया है, जिसमें वह अपने दिए बयानों पर सफाई देते नजर आए हैं।**

अभिनेता द्वारा साझा किए गए इस वीडियो में, उन्हें अपने प्रशंसकों और बिग बॉस के दर्शकों को टॉप 3 की दौड़ में पहुंचने में मदद करने के लिए धन्यवाद देते हुए देखा जा सकता है। ऐसे समय में जब उनके सोशल मीडिया हैंडल एक्टिव नहीं थे और घर के बाहर उनकी कोई पीआर टीम नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि वह कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया साक्षात्कारों में अपने एक बयान को स्पष्ट करने के साथ शुरुआत की। अभिनेता के दिए एक बयान से दर्शकों को ऐसा लग रहा था कि उन्होंने शो में सना मकबूल की जीत के बाद बिग बॉस को पक्षपाती कहा है। उसी पर अपना रुख साफ करते हुए रणवीर वे कहा, "मुझे लगता है कि मीडिया वालों को बात घुमाने की आदत है। बिल्कुल हमारे इस साल के विजेता की तरह। मैंने सिर्फ ये कहा था कि मेरे ओपिनियन में उससे कहीं ज्यादा योग्य विजेता हो सकते हैं। मैंने उस लिस्ट में अपने अलावा अरमान, लवकेश, शिवानी, विशाल और चंद्रिका को भी शामिल किया था।"

# सुभाष घई ने जैकी श्रॉफ को बताया बुरा अभिनेता

**निर्देशक और फिल्म निर्माता सुभाष घई हिंदी सिनेमा के कई बड़े कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। हाल ही में सुभाष ने बताया कि इंडस्ट्री में कौन सा अभिनेता अच्छा है, कौन महान है, कौन खराब अभिनेता है और कौन केवल अभिनेता है। ताल, यादें, परदेस, किसना, युवराज, सौदागर, खलनायक, राम लखन, कर्मा, मेरी जंग और हीरो समेत कई फिल्मों को डायरेक्ट करने वाले सुभाष घई ने हाल ही में, अरबाज खान को साक्षात्कार दिया। इसमें उन्होंने जैकी श्रॉफ को एक बुरा अभिनेता करार दिया। जैकी ने घई द्वारा निर्देशित हीरो से अपने करियर की शुरूआत की थी। हालांकि, सुभाष ने यह भी कहा उन्होंने जैकी को सिखाया और वो धीरे-धीरे एक अच्छे अभिनेता बन गए।**



घई ने शाहरुख खान को 'अच्छे अभिनेता' की श्रेणी में रखते हुए बताया कि अच्छे अभिनेता वो होते हैं, जो सीन को समझ लेते हैं और फिर उसे बढ़िया ढंग से करके दिखाते हैं। मालूम हो कि सुभाष घई और शाहरुख खान ने परदेस फिल्म में एक साथ काम किया था। सुभाष ने दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन को 'महान अभिनेताओं' की श्रेणी में रखा। महान अभिनेता से उनका मतलब यह है कि ऐसे अभिनेता जो खराब लिखे हुए सीन को भी इस तरह से परफॉर्म कर देते हैं कि दर्शकों को लगता है कि यह तो महान सीन है। अनिल कपूर को केवल 'अभिनेता' बताते हुए सुभाष घई ने कहा कि अभिनेता ऐसे लोग होते हैं, जो निर्देशक की बात सुनते हैं। उनसे लखन जैसा रोल करने के लिए कहिए या फिर वकील का रोल, अभिनेता उसे कर देते हैं।

# संजय दत्त को एक और झटका



**अजय देवगन इस साल की शुरुआत से चर्चा में हैं। उनकी अबतक तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। जहां 'शैतान' को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। वहीं 'मैदान' को तारीफें तो बहुत मिली, पर बॉक्स ऑफिस पर कमाई नहीं कर पाई। 2 अगस्त को 'औरों में कहां दम था' रिलीज हुई थी, पर फिल्म का इतना बुरा हाल हुआ कि बजट निकालना भी मुश्किल लग रहा है। अजय देवगन के खाते में जितनी भी फिल्में हैं, उसमें सबसे ज्यादा सीक्वल हैं। इस वक्त वो जिन दो सीक्वल पर काम कर रहे हैं, वो है- दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ सरदार 2। इन दोनों ही फिल्मों पर साथ-साथ काम चल रहा है।**

फिल्म में अजय देवगन के अलावा संजय दत्त और मृणाल ठाकुर नजर आने वाली थी। एक बार फिर संजय दत्त विलेन बन रहे थे, जो उनकी मुश्किलें बढ़ाते नजर आने वाले थे। पर अब पता लगा कि उनका फिल्म से पत्ता कट गया है। 'सन ऑफ सरदार' का पहला पार्ट साल 2012 में रिलीज हुआ था। इस एक्शन कॉमेडी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। ऐसे में मेकर्स ने इसका सीक्वल बनाने का ऐलान कर दिया। बीते दिनों फिल्म के कुछ सीन्स लीक भी हुए थे। जहां पंजाबी लुक में मृणाल ठाकुर अपने हिस्से का शूट करती दिख रही थी। जल्द संजय दत्त के हिस्से की शूटिंग शुरू होने वाली थी, अब पता लगा कि रवि किशन ने फिल्म से उनको रिप्लेस किया है। अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग फिलहाल स्कॉटलैंड में हो रही है।

इस वक्त मृणाल ठाकुर भी वहीं मौजूद हैं। पर वो वहां जाकर फिल्म की शूटिंग नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक जेल में रहने की वजह से उनकी यूके वीजा एप्लिकेशन रिजेक्ट कर दी गई है। यह भी कहा जा रहा है कि 1993 में गिरफ्तारी के बाद, संजय दत्त अमेरिका भी ट्रैवल कर चुके हैं। उन्होंने कई बार यूके वीजा के लिए अप्लाई किया है, लेकिन उन्हें कभी वीजा नहीं मिला। 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग के लिए यूके जाना था, अगर वीजा मिल जाता, तो यह उनका यूके का पहला ट्रिप होता। जब अजय देवगन की टीम को पता चला कि संजय दत्त के वीजा एप्लीकेशन को रिजेक्ट कर दिया गया है, उन्होंने उनकी जगह रवि किशन को ले लिया। यानी अब फिल्म में अजय देवगन के अपोजिट रवि किशन होंगे। जो विलेन बनकर उनकी मुश्किलें बढ़ाते नजर आएंगे।

# भट्ट के साथ रिश्ते की खबरों पर अनु ने तोड़ी चुप्पी





**फिल्म 'आशिकी' ने अपने मुख्य कलाकार अनु अग्रवाल और राहुल रॉय को रातोंरात स्टार बना दिया। यह रोमांटिक-ड्रामा एक म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर भी थी। हालांकि, इस फिल्म की रिलीज के बाद एक अफवाह ने भी काफी तूल पकड़ा। खबरें थीं कि अनु अग्रवाल निर्देशक महेश भट्ट के साथ रिश्ते में थीं। हालांकि, अभिनेत्री ने अब जाकर इस अफवाह पर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही इसके पीछे का असल कारण बताती नजर आई हैं। फिल्म रिलीज के 34 साल बाद भी अनु अग्रवाल को 'आशिकी गर्ल' कहा जाता है।**

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अपने मुख्य कलाकारों, अनु और राहुल रॉय को रातोंरात सनसनी बना दिया। फिल्म यह एक म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर के रूप में उभरी जो अभी भी हमारे संगीत उद्योग के लिए एक बेंचमार्क बनी हुई है। लेकिन तमाम सुपरस्टारडम के बीच अनु को भट्ट के साथ 'रिलेशनशिप' में होने के आरोपों का भी सामना करना पड़ा। यह सब कैसे शुरू हुआ, इसे याद करते हुए अनु ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह सेट पर अपने 'वन-टेक' कौशल से अपने निर्देशक महेश भट्ट को प्रभावित करने में कामयाब रहीं। इससे कई लोगों को ईर्ष्या भी हुई, जिससे भट्ट के साथ उनके 'रिश्ते' के बारे में अफवाहें उड़ीं। अनु ने कहा, 'उस एक मिनट में, मैं नीचे देख रही थी, और ये सभी भाव बाहर आ रहे थे। जब शॉट खत्म हुआ, तो मैंने चारों ओर देखा और देखा कि हर कोई मुझे आश्चर्य से घूर रहा था, सोच रहा था कि मैं इतना अच्छा दृश्य करने में कैसे कामयाब रही।' अनु अग्रवाल ने अपनी बात में आगे जोड़ा, 'मैं एक मॉडल थी और माता-पिता के बिना मुंबई में अकेली थी। 'आशिकी' में मेरे सभी शॉट वन-टेक शॉट थे, ऐसा महेश भट्ट कहते थे मैं 'वन-टेक आर्टिस्ट' थी। मैंने यह शब्द पहले नहीं सुना था, और मुझे लगता है कि बहुत से लोगों को यह पसंद नहीं आया, आप जानते हैं कि अन्य लोग ईर्ष्यालु हो सकते हैं।' अनु के अनुसार, जहां सेट पर कई लोगों ने उनकी कला की सराहना की, वहीं कुछ लोगों ने ईर्ष्या के कारण भट्ट पर पक्षपात का आरोप लगाना शुरू कर दिया और यहां तक कि दोनों के रिश्ते में होने की बातें भी कहीं। अनु ने जोड़ा, 'बाद में मैंने जो प्रतिक्रियाएं देखीं, उससे कुछ लोगों ने मेरे और महेश भट्ट के बारे में अफवाहें फैलाना शुरू कर दिया, हमारे रिश्ते पर सवाल उठाया और सवाल उठाया कि वह मेरे प्रति इतने पक्षपाती क्यों थे। उन्होंने मेरी इस तरह प्रशंसा क्यों की? जबकि उन्होंने कहा कि उन्होंने यह सब नजरअंदाज कर दिया, यह कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने साझा किया, 'मेरी थाली में बहुत कुछ था। मैं एक युवा लड़की थी जो अकेली रहती थी और 22 साल की उम्र में अपना जीवन संभाल रही थी।'

# 6 जिलों के किसानों को दिये जाए बढ़ा हुआ मुआवजा : राकेश टिकैत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन ने एक बार फिर किसानों की समस्याओं को लेकर हुंकार भरने की तैयारी कर ली है। आगामी 9 अगस्त को किसान ट्रैक्टरों का काफिला लेकर सभी जिला मुख्यालयों पर कूच करेंगे। वहीं कल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत अपनी टीम के साथ यमुना प्राधिकरण पहुंचे। जहां उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों और यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह के साथ मुलाकात की।



यमुना प्राधिकरण के बोर्ड रूम में प्राधिकरण के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह, ओएसडी शैलेंद्र सिंह, उप जिला अधिकारी खैर महिमा राजपूत सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते राकेश टिकैत ने गौतमबुद्ध नगर के किसानों के साथ ही बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा का भी मामला उठाया। राकेश टिकैत का कहना था कि 6 जिलों के किसानों को 64.7 फीसदी बढ़ा हुआ मुआवजा वितरित किया जाए। जिन किसानों की जमीन ली गई है उनके परिवार के लोगों को नौकरी दी जाए। इसके अलावा लीज बैक और जिन किसानों के पास भूमि नहीं है उनको प्लॉट दिया जाए।

बैठक के बाद राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों और किसानों के बीच सहमति बनती हुई नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अडचन आएगी तो आने वाले दिनों में एक बार फिर से किसान आंदोलन करेंगे और उनके ट्रैक्टर ट्रॉली सड़कों पर दौड़ते हुए नजर आएंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विमल तोमर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय तालान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी, मंडल अध्यक्ष मंडल आगरा रणवीर सिंह चाहर, ओपी कमांडो, जिलाध्यक्ष अलीगढ़ सुंदर सिंह बालियान, जिलाध्यक्ष मथुरा धर्मवीर सिंह, जिलाध्यक्ष हाथरस सत्य देव पाठक, जिलाध्यक्ष बुलंदशहर अरब सिंह, जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष अलीगढ़ धर्मेंद्र कुमार, श्यौरान मनवीर सिंह, विमल तोमर सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जनपद में सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशा पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।



मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों व छात्रों द्वारा शहीदी स्मृति यात्रा का आयोजन, सभी वॉलिंटियर्स तिरंगा के रंगों की शर्ट में रहेंगे, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान, शाहिद स्थलों एवं शहीद स्मारकों से जुड़ी हुई घटनाओं पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां, नाट्य महोत्सव, स्कूल कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता, शहीद स्मृति वाटिका तैयार करना, राष्ट्रीय भक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि युद्ध स्तर पर अपनी-अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।

मुख्य विकास अधिकारी ने 13 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतिकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर अधिक से अधिक जन सहभागिता दर्ज कराते हुए झंडा संहिता का पालन कर प्रत्येक नागरिक अपने आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालय, औद्योगिक संस्थानों आदि में झंडा लगायें। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति हर घर तिरंगा अभियान के लिए झंडो की अतिरिक्त आवश्यकता की आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा एवं शहरी क्षेत्र में झंडों के आपूर्ति के लिए उत्पादन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया जाएगा।

# फॉगिंग व एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए रोस्टर जारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण 31 अगस्त तक नोएडा शहर में जगह-जगह फॉगिंग तथा एंटी लार्वा का छिड़काव करेगी। यह आदेश नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक जीएम एस.पी. सिंह ने दिये।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एस.पी. सिंह ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक सेक्टर तथा गांवों का रोस्टर जारी किया गया है। जिसे नोएडा की वेबसाइट पर भी डाल दिया गया है। इस अभियान में जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर विकास शर्मा, शुभम मुदगल, निरीक्षक अरूण झा, गोपाल कृष्ण शर्मा, जगपाल सिंह, राकेश कुमार, वाई.के. हरीश, एपीई उमेश चंद, अरूण कुमार, राहुल कुमार, सुशील कुमार, परियोजना अभियंता (खंड-2) आर.के. शर्मा तथा खण्ड-1 के परियोजना अभियंता गौरव बंसल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ग्रेटर नोएडा को सबसे सुंदर शहर बनाने के लिए प्राधिकरण ने मांगा 'आइडिया'

**आठ कंपनियों ने ग्रेनो प्राधिकरण के समक्ष अपने 'आइडिया' को किया साझा**

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले कूड़े को शत-प्रतिशत प्रोसेस कर जरूरी उत्पाद बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। घरेलू कूड़े को प्रोसेस कर क्या-क्या उत्पाद बनाए जा सकते हैं, प्राधिकरण ने ईओआई निकालकर इस पर कंपनियों से 'आइडिया' मांगा था। 8 कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया। अब प्राधिकरण इन आइडियाज का अध्ययन कर आरएफपी निकालेगा और कंपनियों का चयन कर काम शुरू कराएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले कूड़े को शत-प्रतिशत प्रोसेस किया जाए और उससे जरूरी उत्पाद बनाकर उपयोग में लाया जाए। इसके लिए उपलब्ध सभी पद्धतियों का अध्ययन कर अपनाने की सीख दी है, ताकि ग्रेटर नोएडा को सबसे स्वच्छ शहर बनाया जा सके। यहां भविष्य में भी कूड़े के ढेर की समस्या न झेलना पड़े।




सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने ईओआई निकाले थे, जिसमें आठ कंपनियों ने हिस्सा लिया है। इन कंपनियों ने सोमवार और मंगलवार को अपने प्रस्तुतिकरण के जरिए सुझावों को साझा किया। एक कंपनी ने 'आइडिया' दिया कि गोबर को प्रोसेस कर ब्रिकेट्स बनाएगी। इसका इस्तेमाल कोयले के विकल्प के लिए किया जा सकता है। एक कंपनी का सुझाव है कि कूड़े को प्रोसेस कर बायोगैस बनाया जाएगा। एक कंपनी ने ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा (एक विशेष प्रकार की मक्खी) के जरिए गीले कूड़े से प्रोटीन निकालने और अवशेष को प्रोसेस करने की बात कही। एक कंपनी ने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट लगाकर प्रोसेस करने की बात कही। एक कंपनी ने ई-वेस्ट को प्रोसेस करने पर अपनी जानकारी साझा की। बल्क वेस्ट जनरेट करने वाले संस्थानों के कूड़े को प्रोसेस करने के लिए भी एक कंपनी तैयार है। एक कंपनी ने ग्रेटर नोएडा की किसी एक कालोनी को जीरो वेस्ट कालोनी बनाने का सुझाव दिये। ऐसे तमाम सुझावों के साथ कंपनियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व ईवाई की टीम के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिए। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि इन सुझावों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार कर सीईओ को सौपा जाएगा। उसके बाद इन पद्धतियों को एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अपनाकर उससे नफा-नुकसान का अध्ययन करते हुए वेस्ट को प्रोसेस कराने का निर्णय लिया जाएगा। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने इन आइडिया पर शीघ्र काम शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने ग्रेटर नोएडावासियों से भी शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है।

# भाकियू निकालेगा किसान ट्रैक्टर तिरंगा सद्भावना यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर 9 अगस्त को उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में किसान ट्रैक्टर तिरंगा सद्भावना यात्रा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष अशोक भाटी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि 9 अगस्त 1942 अगस्त क्रांति पर शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने के लिए भाकियू द्वारा किसान ट्रैक्टर तिरंगा सद्भावना यात्रा निकालकर क्षेत्र से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन जिला मुख्यालय पर डीएम को सौंपा जाएगा।

बैठक के दौरान एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना, दादरी जिला अध्यक्ष मनोज मावी, महानगर अध्यक्ष श्रीपाल कसाना, रविंद्र भगत, जोगिंदर भड़ाना, सिंहराज गुर्जर, विपिन तंवर, सुमित तंवर, भरत प्रधान, धीरज प्रधान, संदीप अवाना, रोहित चपराना, प्रमोद टाइगर, रविंद्र भाटी, कंवर सिंह चपराना, सूरज भाटी, कपिल यादव, आजाद सैफी, राजकुमार प्रजापति, धीरेश नंबरदार, दीपक भाटी, रोहित भाटी, संजय फौजी, संजय भाटी, प्रशांत बेसोया, जयवीर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमिटी के 3000 नये छात्रों के लिए हुआ हवन

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय में 3000 से अधिक नये स्नातकोत्तर छात्रों के लिए ''दीक्षारंभ'' नामक छात्र प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस 06 से 09 अगस्त चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह सहित नवप्रवेशित छात्रों, संस्थानों के निदेशकों और शिक्षकों ने हवन करके किया।




एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डा. अशोक चौहान का मानना है कि हर नये कार्य का प्रारंभ ईश्वर के आर्शीवाद के साथ करना चाहिए आपको सफलता अवश्य मिलेगी। इसलिए एमिटी में हर नये सत्र का प्रारंभ छात्रों और अभिभावकों के साथ हवन करके किया जाता है। आज इस हवन में नवप्रवेशित स्नातकोत्तर के हजारों छात्र अपने संस्थानो से ऑनलाइन भी जुडे है। उन्होनें कहा कि आज एमिटी वैश्विक स्तर पर ख्याती अर्जित कर रहा है और हमारे छात्र विश्व में लगभग हर क्षेत्र में हमारा नाम रौशन कर रहे है। एमिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे हम छात्र को हम सफलता की कहानी बनाने का प्रयास करते है जिससें वे ना केवल सफल बल्कि एक अच्छे नागरिक की भूमिका में राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे सकें।

एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डा गुरिंदर सिंह ने कहा कि प्रार्थना में छिपी हुई शक्ति और विशेषकर आपके अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा आपकी सफलता के लिए की गई प्रार्थना आपको जीवन में उपलब्धियों को हासिल करने में सहायक होगी।

इस अवसर पर चार दिवसीय ओरिंयटेशन कार्यक्रम में एमिटी विश्वविद्यालय की स्टूडेंट सपोर्ट और एकेडमिक अफेयर की डीन डा अल्पना कक्कड़, एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल, एकेसी डेटा सिस्अम के उपाध्यक्ष डा सेंथिल कुमार, एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंधोपाध्याय, डा नूतन कौशिक, डा के एम सोनी आदि उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है मैसेज नोएडा में IGL कनेक्शन काट दिया जाएगा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में IGL गैस कनेक्शन धारक उपभोक्ता सावधान और सतर्क हो जाएं। क्योंकि साइबर ठगों के पास आपकी लिस्ट है और सोशल मीडिया के जरिए साइबर ठग आपको मेसेज भेज कर IGL उपभोक्ता का अकाउंट खाली कर देंगे।



नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पुलिस कमिश्नरेट साइबर क्राइम के ACP विवेक रंजन राय ने साइबर ठगो के जालसाजी करने के इस तरीके का खुलासा किया है। ACP साइबर क्राइम विवेक रंजन राय ने बताया कि शहर में कुछ साइबर ठग सक्रिय है जो लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप पर मेसेज कर IGL उपभोक्ता के कनेक्शन काटने की बात कर रहे है। वह IGL उपभोक्ता को मेसेज कर रहे है कि उनके द्वारा की गई पेमेंट अपडेट नहीं हुई है जिस वजह से उनका IGL कनेक्शन काट दिया जाएगा।

साइबर ठग खुद को IGL कंपनी का कर्मचारी होने का दावा करता है और उन्हें पेमेंट अपडेट करने के लिए दिये गये नंबर पर संपर्क करने के लिए कहते है। संपर्क करने के बाद उपभोक्ता के नंबर पर एक लिंक भेजकर उसके अकाउंट से सेफ अमाउंट निकल लेते है।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पुलिस कमिश्नरे साइबर क्राइम के ACP विवेक रंजन राय ने बताया कि IGL कंपनी ऐसा कोई मेसेज नहीं भेजती। यह साइबर ठग है जो लोगों के साथ ठगी कर रहे है। ACP ने इस तरह के मैसेज और अनजान लिंक से सावधान रहने की सलाह दी है। एकेपी ने बताया कि साइबर फ्रॉड करने वाले ऐसे मेसेज को सर्कुलेट कर इससे धोखाधड़ी कर रहे है।

